卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 268 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦9 जुलाई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## आतंकी हमले में उत्तराखण्ड के पांच जवान शहीद

देहरादून (उद संवाददाता)। जम्मू-कश्मीर के कठुआ में सोमवार को हुए आतंकी हमले में उत्तराखंड के पांच जवान शहीद हो गये। पांच जवानों के बलिदान से पूरे प्रदेश में शोक की लहर है। वहीं परिजनों में कोहराम मचा है। बता दें कठुआ के बिलावर उपजिले में बदनोता के बरनूड इलाके में जेंडा नाले के पास सेना के एक वाहन पर आतंकियों ने घात लगाकर हमला कर दिया। आतंकी हमले में पांच जवान बलिदान हो गए वहीं कुछ अन्य बुरी तरह से घायल हो गए। हाई अलर्ट और हमले के इनपुट के बीच जम्मू-कश्मीर में एक माह में सबसे बड़ा आतंकी हमला अंजाम दिया गया। हिजबुल मुजाहिदीन के कुख्यात आतंकी बुरहान वानी की बरसी पर सुरक्षाबलों पर हमले के इनपुट सुरक्षा एजेंसियों को पिछले कुछ दिनों से लगातार मिल रहे थे। ऐसे में कठुआ जिले में भी हाई अलर्ट था। बाकायदा सभी एजेंसियों को एहतियात बरतने के निर्देश थे। आतंकी हमले में कीर्तिनगर ब्लॉक के थाती डागर निवासी राइफलमैन आदर्श नेगी, रुद्रप्रयाग निवासी नायब सूबेदार आनंद सिंह, लैंसडौन निवासी हवलदार कमल सिंह, टिहरी गढ़वाल निवासी नायक विनोद सिंह, रिखणीखाल निवासी राइफलमैन अनुज नेगी शहीद हो गये। इस खबर के बाद उनके घरों में मातम है। साथ ही पूरे प्रदेश में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आतंकी हमले में बलिदान देने वाले 26 वर्षीय आदर्श 2018 में सेना में भर्ती हुए थे। उनके पिता दलबीर सिंह नेगी गांव में ही खेतीबाड़ी का काम करते हैं। आदर्श की 12वीं तक की पढ़ाई राजकीय इंटर कालेज पिपली धार से हुई। 2018 में वह गढ़वाल राइफल्स में भर्ती हो गए। उस दौरान वह गढ़वाल विश्वविद्यालय से बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र थे। आदर्श तीन भाई-बहन में सबसे छोटे थे। सोमवार देर रात उनके बलिदान होने की खबर परिजनों को मिली है। उत्तराखण्ड के जवानों के बलिदान पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है। (शेष पृष्ठ सात पर)



## संदिग्ध परिस्थितियों में राज मिस्त्री की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत देर सायं मौहल्ला शिवनगर में राजमिस्त्री का काम करने वाले एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम देरी जिला पीलीभीत निवासी 36 वर्षीय गेंदन लाल पुत्र दुलीराम यहां मौहल्ला शिवनगर ट्रांजिट कैम्प में अपने पुत्र करन के साथ किरायेदार के रूप में रहता था और राजमिस्त्री का काम करता था। जबकि उसका पुत्र करन ग्राम भूरारानी में बॉक्स बनाने वाली फैक्ट्री में काम करता है। बताया जाता है कि गत दिवस करन काम पर गया था और गेंदन लाल देर सायं घर में खाना बना रहा था। इसी दौरान वह अचानक लड़खड़ाकर गिर पड़ा। सूचना मिलने पर पास ही रहने वाली रिश्तेदार सुशीला देवी ने इसकी जानकारी करन को दी। जानकारी मिलते ही करन घर आ गया और पिता गेंदन लाल को उपचार के लिए तत्काल चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय (शेष पृष्ठ सात पर)



## विद्युत पोल से भिड़ी पर्यटकों की कार,एयरबैग ने बचाई जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिल्ली से परिवार के साथ नैनीताल जा रहे पर्यटकों की कार अनियंत्रित होकर यहां छतरपुर मोड़ के पास अनियंत्रित होकर मार्ग किनारे माईल स्टोन से टकराने के बाद विद्युत पोल से जा भिड़ी। इस दुर्घटना में कार में लगे



एयर बैग खुल जाने से कार सवार लोग सुरक्षित बच गये केवल एक महिला व उसकी पुत्री को मामूली चोटें आ गईं । मामले की जानकारी मिलने पर सिडकुल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए जिला (शेष पृष्ठ सात पर)

## मुख्यमंत्री ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को हल्द्वानी पहुंचकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय दौरा किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों के लिए दिशा निर्देश भी दिये। सीएम ने हल्द्वानी सहित खटीमा टनकपुर, बनबसा, सितारगंज सहित अन्य क्षेत्रों का हवाई दौरा भी किया और बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सीएम धामी मंगलवार को हल्द्वानी पहुंचे उन्होंने गौला नदी से हो रहे कटान के साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों से हालातों की जानकारी ली। बाद में उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हेलीकॉप्टर से दौरा किया। सीएम ने गौला नदी से अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में हुए भू कटाव का निरीक्षण करते हुए कहा कि गौला नदी में तेजी से बहाव होने के कारण कटाव हुआ है। फौरी राहत के तौर पर सिंचाई विभाग को गौला नदी के 500 मीटर भाग में चौनलाइजेशन, वायर क्रेट और सुरक्षात्मक कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। कहा कि इसके लिए शीघ्र ही धनराशि भी जारी कर दी जाएगी जिससे ससमय तत्कालिक कार्यों के माध्यम से स्टेडियम का बचाव किया जा सके। डीएम वंदना सिंह ने बताया कि सिंचाई विभाग द्वारा दीर्घालिक कार्यों कि पूर्व में 200 मीटर के भू कटाव से रोकथाम की 260 लाख लागत की डीपीआर शासन को भेजी गई है जो की स्वीकृति के चरण पर है। विभाग द्वारा टेंडर भी कर लिया गया है। किंतु इसी बीच अब लगभग कुल 600 मीटर का भू कटाव हो गया। अतिरिक्त 400 मीटर भाग की डीपीआर शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए और डीपीआर का फॉलो अप लेने के लिए डीएम को निर्देशित किया। सीएम ने (शेष पृष्ठ सात पर)






## शिक्षा माफिया 'लील गए' आरटीई की 'ग्यारह हजार सीटें'

**उत्तराखंड में साल-दर-साल कमजोर पड़ रहा सर्व शिक्षा अभियान, निजी स्कूलों एवं जिला शिक्षा अधिकारियों के घालमेल के चलते सूबे में घटी आरटीई की 11347 सीटें**

-अर्श-

देहरादून। उधम सिंह नगर, राज्य में कमजोर और अपवंचित वर्ग के छात्रों को निजी विद्यालयों में बेहतर और निशुल्क शिक्षा देने का उत्तराखंड सरकार का अभियान, शिक्षा माफियाओं एवं मुख्य शिक्षा अधिकारियों की मिली भगत के चलते निरंतर कमजोर पड़ता जा रहा है, लेकिन इस और ना तो सरकार की नजर है और ना ही स्कूल शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों की। बताना होगा कि पिछले शिक्षण सत्र में उत्तराखंड में तकरीबन 34 हजार से अधिक आरटीई की सीटें थी, जो कि चालू शिक्षण सत्र में घटकर 23 हजार से भी कम रह गई है। पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष निजी स्कूलों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) की घटी 11, 347 सीटें इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है कि प्रदेश में निजी स्कूलों एवं जिला शिक्षा अधिकारियों के मध्य परस्पर हितों को साधने वाला कोई गांठ जोड़ बन गया है, जिसके तहत बड़े ही सुनियोजित तरीके से प्राइवेट स्कूलों द्वारा आरटीई की सीटों में कमी की जा रही है और राज्य के सभी मुख्य शिक्षा अधिकारी अपनी-अपनी आंख बंद किए हुए बैठे हैं। गौर तलब है कि प्रदेश में आरटीई की सबसे अधिक सीटें, हरिद्वार, देहरादून और उधम सिंह नगर जनपदों में हैं। यहां निजी स्कूलों की संख्या भी सर्वाधिक हैं, लिहाजा आरटीई की सबसे अधिक सीटें भी इन्हीं जनपद में है । मगर इस वर्ष इन तीन जनपदों सहित समूचे उत्तराखंड के निजी विद्यालयों में से करीब पचास प्रतिशत विद्यालयों ने ही आरटीई के लिए आवेदन किया। ऐसे में जनपदों के मुख्य शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी और ब्लाक शिक्षा अधिकारियों को चाहिए था, कि वह समय रहते निजी स्कूलों से संपर्क करते और उन्हें आरटीई की सीटें बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करते ,ताकि प्रदेश के कमजोर एवं अपवंचित वर्ग के अधिक से अधिक बच्चों को निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का लाभ दिया जा सकता। मगर जिला शिक्षा अधिकारियों ने ना तो अपने स्तर पर स्कूलों को आरटीई के दायरे में लाने के लिए न प्रेरित किया और ना ही समय रहते कोई मॉनिटरिंग ही की। ज्ञात हो कि प्रदेश का शिक्षा विभाग नए शिक्षण सत्र की प्रवेश प्रक्रिया आरंभ होने पर प्रतिवर्ष आरटीई के तहत प्रवेश के लिए पूरा प्रारूप (शेष पृष्ठ सात पर)




**आवश्यकता है**

समाचार पत्र में मार्केटिंग हेतु युवक/युवती की अनुभवी को वरीयता

सम्पर्क करे-
9897427586

## ड्रीम 11 में टीम बनाने का लालच देकर 4.45 लाख ठगे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात व्यक्ति द्वारा ऑन लाईन एक युवक को ड्रीम 11 टीम बनाने का लालच देकर उससे 4.45 लाख रूपये ठग लेने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक के पिता ने इस मामले में अज्ञात के विरूद्ध मुंकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में जयपाल यादव पुत्र श्रीराम यादव निवासी वार्ड 1 जनपथ रोड जेपी नगर 2 फुलसुँगा ट्राजिट कैम्प का कहना है कि उसकी पत्नी सुमित्रा देवी के मोबाईल में बैंक खाता रजिस्टर्ड है। पत्नी का मोबाईल लडका उज्जवल भी चलाता है ।4जून को पत्नी के मोबाईल पर टेलीग्राम पर राम नामक गुप्र से एक लिंक आया। बेटे द्वारा क्लिक करने पर एक व्हाटस अप नम्बर, जो राम चौधरी के नाम से ही था से जुड़ गया। उसने बेटे को ड्रीम 11 मे टीम बनाकर लाभ (शेष पृष्ठ सात पर)

## बंद घर में चोरों ने धावा बोलकर लाखों के जेवर उड़ाये

रूद्रपुर। बगवाड़ा क्षेत्र में स्थित कौशल्या वाटिका में स्थित एक घर में चोरों ने धावा बोलकर अलमारी से जेवर पार कर लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में वन विभाग आवासीय परिसर निवासी कला आर्या पत्नी सुरेश लाल ने बताया उनका एक मकान कौशल्या वाटिका में स्थित है, जो अकसर बंद रहता है। बीते दिनों वह अपनी पुत्री के पास खटीमा गयी थी। वापस आने के बाद जब वह कौशल्या वाटिका स्थित घर में पहुंची तो घर के ताले टूटे हुए थे और किचन की खिड़की का एंगल भी टूटा हुआ था। अंदर सारा सामान बिखरा हुआ था, एवं अलमारी रखी सोने की नथ, दो मंगल सूत्र, हाथ के कंगन आदि गायब थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

**आवश्यकता है**

रूद्रपुर में शाम का अखबार बांटने के लिये युवकों की।

सम्पर्क करे-
9897427586

# लोकतंत्र का गला घोंटना चाहती है सत्ता: हरदा

## पूर्व सीएम हरीश रावत के साथ कांग्रेस के विधायकों ने पुलिस चौकी में दिया धरना पुलिस प्रशासन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को धमकाने और उत्पीड़न करने का आरोप

मंगलौर( उद संवाददाता)।प्रदेश के पूर्व सीएम एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत समेत कांग्रेस विधायकों ने सोमवार को प्रदेश सरकार और पुलिस व प्रशासन के खिलाफ पुलिस चौकी में धरना दिया और जमकर नारेबाजी की। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार चुनाव प्रभावित करने में लगी है, जबकि पुलिस और प्रशासन कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बेवजह परेशान कर रहे हैं। मंगलौर विधानसभा उपचुनाव के लिए बुधवार को मतदान होना है। इससे पहले कांग्रेस के दिग्गजों ने मंगलौर विधानसभा उपचुनाव के दौरान सरकार के दबाव में पुलिस प्रशासन द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर किये जा रहे उत्पीड़न एवं भेदभाव पूर्ण आचरण के विरोध में कस्बा पुलिस चौकी, मंगलौर में धरना प्रदर्शन किया। मंगलौर से कांग्रेस प्रत्याशी काजी निजामुद्दीन और कांग्रेस कार्यकर्ता सरकार व पुलिस-प्रशासन पर परेशान करने का आरोप लगाते आ रहे हैं। सोमवार को इसके विरोध में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, विधायक प्रीतम सिंह, कांग्रेस प्रत्याशी काजी निजामुद्दीन, विधायक ममता राकेश, पिरान कलियर विधायक हाजी फुरकान समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मंगलौर कस्बा चौकी पहुंचे और धरने पर बैठ गए। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि मंगलौर उपचुनाव में सरकार के इशारे पर सरकारी मशीनरी काम कर रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को धमकाने का काम किया जा रहा है जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस प्रत्याशी काजी निजामुद्दीन ने





कहा कि उनके समर्थकों को पुलिस बेवजह परेशान कर रही है। पुलिस समर्थकों को पकड़कर भाजपाइयों के हवाले कर रही है। आरोप लगाया कि सरकार चुनाव को प्रभावित करने का काम कर रही है। उनके सथर्मकों को वोट न डालने की धमकी दी जा रही है। कहा कि अगर मतदान वाले दिन कोई गड़बड़ी की गई तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस इसके विरोध में पूरी तरह से मुखर होगी। वहीं, इस दौरान प्रदेश सरकार और पुलिस व प्रशासन के खिलाफ कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी की। उधर, मामले को देखते हुए पुलिस चौकी के अंदर और बाहर पुलिस का कड़ा पहरा रहा। वहीं पूर्व सीएम हरीश रावत ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा है कि सत्ता के उपयोग और दुरुपयोग, दोनों में बहुत बारीक सा अंतर है। यदि आप कानून का सहारा किसी दूसरे को न्याय दिलाने के लिए करते हैं तो आप सदुपयोग करते हैं और यदि आप कानून का सहारा अपने प्रभाव का उपयोग कर अपने प्रतिद्वंद्वियों को परेशान करने के लिए करते हैं तो आप कानून का दुरुपयोग करते हैं। उत्तराखंड में भी ऋषिकेश के विधायक श्री प्रेमचंद अग्रवाल जी ने जो कैबिनेट मिनिस्टर भी हैं, अपने राजनीतिक विरोध ी जो उनके खिलाफ 2022 में कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार थे उनके खिलाफ एक कंप्लेंट पुलिस थाने में दर्ज करवायी जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि श्री जयंत रमोला ने उनकी छवि को धूमिल किया है, क्योंकि उन्होंने उनके विभाग द्वारा ऋषिकेश में करवाये गये एक कंस्ट्रक्शन वर्क की पुअर क्वालिटी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि उसमें सब स्टैंडर्ड मटेरियल लगाया गया और उसके कारण एक एक्सीडेंट भी हुआ। पुलिस ने सत्ता के दबाव में श्री जयंत रमोला के खिलाफ नई भारतीय न्याय संहिता की धारा 353 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर दी है। श्री प्रेमचंद अग्रवाल जी सरकार के हिस्सा हैं, यदि निर्माण कार्य की क्वालिटी अच्छी नहीं है या कहीं पहली ही बरसात में निर्माण कार्य बह जा रहे हैं, टूट जा रहे हैं तो उस पर यदि श्री जयंत रमोला जी ने अपनी फेसबुक में कोई निर्माण कार्य पर टिप्पणी कर दी और उसके लिए विभागीय मंत्री के रूप में श्री प्रेमचंद अग्रवाल जी से सवाल पूछ लिया तो क्या यह गुनाह हो गया? मगर सत्ता है लोकतंत्र का गला घोंटना चाहती है। लोगों से लोग यदि सवाल नहीं पूछेंगे तो फिर लोग सवाल पूछने किसके पास जाएंगे, किसी गरीब रेहड़ी-पटरी वाले से यह किसी मजदूर से? सवाल तो मंत्रियों से ही पूछे जाएंगे न और राजनीतिक प्रतिद्वंदी ही सवाल पूछेंगे? लोकतंत्र का यही तकाजा है। मगर भारतीय जनता पार्टी का लोकतंत्र में कोई विश्वास नहीं है। मैं, जयंत रमोला को बधाई देता हूं और उनको सम्मानित करने के लिए मैं ऋषिकेश जाऊंगा।

# प्रदेशभर में बारिश से 387 सड़के हुई बंद, रानीखेत रोड में वैली ब्रिज बनेगा

देहरादून। प्रदेशभर में लगातार हो रही बारिश के बीच सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन ने अपील की है कि सुरक्षा के मद्देनजर मौसम का रुख देखकर ही यात्रा करें। संबंधित जिला प्रशासन से जारी एडवाइजरी का जरूर पालन करें। सचिव आपदा प्रबंधन विनोद सुमन ने बताया कुमाऊं क्षेत्र में लगातार बारिश का सिलसिला जारी है। भारी बारिश के चलते कुमाऊं का टनकपुर, खटीमा जलभराव से प्रभावित हुआ है। मौके पर अधिकारी और राहत बचाव की टीमें मौजूद हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि कल से भारी बारिश से थोड़ी राहत मिलेगी। प्रदेश के सभी मुख्य सड़कें खुली हुई हैं। पर्वतीय मार्गों पर सफर करने वाले लोगों से सचिव आपदा प्रबंधन ने मौसम देखकर ही यात्रा करने की अपील की है। प्रदेश में भारी वर्षा के कारण अब तक 387 सड़के बंद हैं जिनमें से 62 सड़कें खोल दी गई हैं। गढ़वाल मंडल के अंतर्गत सभी जनपदों में बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बड़ा है लेकिन फिलहाल कोई खतरे की बात नहीं है।लोक निर्माण एवं सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि प्रदेश में भारी बारिश के कारण सड़कों पर मलबा आने से नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे, मुख्य जिला मार्ग, ग्रामीण मार्ग, पीएमजीएसवाई और अन्य जिला मार्गों सहित बंद कुल 325 सड़कों को खोलने के लिए कर्मचारी एवं अधिकारियों के साथ साथ 279 मशीनें लगातार काम कर रही है। उन्होंने बताया कि तीन नेशनल हाईवे में से दो को खोल दिया गया है। इसके अलावा 14 राज्यमार्गों में आठ को खोल दिया गया है। अल्मोड़ा के रानीखेत मोहान में क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर जल्द वैली ब्रिज तैयार होगा। लोनिवि मंत्री महाराज ने कहा कि 27 मीटर पुल ब्रिटिश काल का था, वहां पर वैली ब्रिज की वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। इस तरह चंपावत में नदिया नदी पर 70 मीटर स्पान पुल बह गया है वहां पर कनेक्टिविटी की व्यवस्था कर दी गई है। जनपद अल्मोड़ा में भारी बरसात के कारण 50 नहरों को क्षति पहुंचने के साथ-साथ जनपद पिथौरागढ़ में 90 मीटर सुरक्षा दीवार को क्षति हुई है। जिसकी लागत लगभग 135 लाख है। इसके अलावा जनपद चंपावत में 29 नहरें जिनकी लागत 58 लाख है और 18 बाढ़ योजनाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं।



# केदारनाथ की विधायक शैलारानी रावत वेंटिलेटर पर, हालत स्थिर

## बेटी ऐश्वर्या ने की भावुक पोस्ट: मेरी मां के लिए बाबा केदार से करें प्रार्थना

देहरादून। केदारनाथ से भाजपा विधायक श्रीमती शैलारानी रावत दो दिन से मैक्स अस्पताल में वेंटिलेटर पर हैं। रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर के बाद हुई सर्जरी के बाद भी वह उभर नहीं पाई। उनके स्वास्थ्य में थोड़ा सुधार की स्थिति में उन्हें एयर लिफ्ट कर हायर सेंटर ले जाने की तैयारी है, लेकिन उनका शरीर साथ नहीं दे रहा है। वर्ष 2017 में विस चुनाव प्रचार के दौरान शैलारानी रावत गिर गई थीं, जिससे उन्हें आंतरिक चोट आई थी। चोट से मांस फटने के कारण उन्हें कैंसर भी हो गया था। करीब तीन वर्ष तक चले इलाज के बाद वह स्वस्थ्य होकर अपने घर लौटी और फिर से राजनीति में सक्रिय हो गईं। कुछ माह पूर्व ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ की सीढ़ियों से गिरने के कारण उनकी रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर आ गया था। परिजनों द्वारा उन्हें हायर सेंटर ले जाया गया, जहां उनकी सर्जरी की गई, पर वह सफल नहीं हो पाई। अब, वह वेंटिलेटर पर जीवन-मौत के बीच संघर्ष कर रही हैं। विधायक के पीए पीएस रावत ने बताया कि रीढ़ की हड्डी में लगी चोट से वह उभर नहीं पा रही हैं। चिकित्सकों के तमाम प्रयास के बाद भी शरीर साथ नहीं दे रहा है। अस्पताल प्रबंधन के साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सकों का पैनल लगातार विधायक के स्वास्थ्य पर नजर रखे हुए है। विधायक शैलारानी की बेटी ऐश्वर्या ने सोशल मीडिया पर लोगों से मां के लिए प्रार्थना करने की अपील की है। उन्होंने लिखा कि मेरी मां के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए आप लोग बाबा केदार व अपने ईष्ट देवी- देवताओं से प्रार्थना करें। चिकित्सा विज्ञान से भी आगे प्रभु की कृपा होती है और आपकी प्रार्थनाओं से चमत्कार संभव है। इस समय मुझे और मेरी माता जी को आप लोगों की प्रार्थनाओं की जरूरत है।



# पाइंस स्थित बिजली घर का डीएम ने किया निरीक्षण

## डीएम वंदना ने स्थलीय निरीक्षण कर बिजली और पानी की आपूर्ती के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

नैनीताल( उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने सोमवार को भारी वर्षा के बीच झील के बढ़ते जल स्तर के दृष्टिगत नैनी झील का वाटर लेवल को नियंत्रित करने वाले सिंचाई विभाग के गेट सिस्टम, बिजली संबंध ी शिकायतों के दृष्टिगत नैनीताल खंड के अंतर्गत अतिवृष्टि के कारण ब्रेकडाउन से प्रभावित पाइंस स्थित बिजली घर, मुख्य पंप गृह जल संस्थान और बिजली घर सूखाताल आदि का स्थलीय निरीक्षण किया। तल्लीताल में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी वंदना सिंह ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ नैनी झील के वाटर लेवल चेक कर जानकारी प्राप्त की । बताया कि नैनी झील का वाटर लेवल चेतावनी बिंदु से 2 फिट नीचे है। डीएम ने विभाग को झील के जलस्तर पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने के लिए कहा। इसके बाद उन्होंने पाइंस स्थित बिजली घर का निरीक्षण किया। नैनीताल विद्युत् वितरण खंड अधिशासी अभियंता एस के सहगल ने बताया कि तेज बारिश के कारण जोखिया के समीप लाइन क्षतिग्रस्त रही, जिस कारण कुछ समय के लिए कृष्णापुर, तल्लीताल आदि इलाकों में विद्युत बाधित रही, लेकिन आम जनता को विद्युत संबंधित किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े,इसके लिए सूखाताल से लाइन लिंक करके विद्युत सप्लाई दी जा रही है। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने कहा कि ग्रामीण इलाकों ओखलकांडा, पटलोट, धारी, बेतालघाट आदि इलाकों में बरसात के दौरान विद्युत की समस्या देखने को मिलती है। उन्होंने बरसात के सीजन में 24 '7 विद्युत विभाग की टीम को तत्पर रहने के निर्देश दिए। जल संस्थान मुख्य पम्प गृह में निरीक्षण के दौरान उन्होंने जल संस्थान के अधिकारियों को पानी की जांच, सैम्पल आदि की जांच कर सप्लाई करने की बात कही। कहा कि जिन इलाकों प्रदूषित पानी के कारण बीमारी आदि की शिकायत मिलती है वहां से सैंपल लेकर पानी की जांच करवाई जाए । बरसात में प्राकृतिक गढ़ें में कई बार गंदा पानी आता है इसलिए उन जगहों में साइन बोर्ड या वैधानिक चेतावनी बोर्ड लगाने और सीवर लाइन लीकेज जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि बरसात के सीजन में लोगों को दूषित पानी नहीं मिले, इसका विशेष ध्यान रखने की जरुरत है। जल संस्थान अपनी लैब को एक्टिव रखे और दैनिक रूप से पेयजल गुणवत्ता की जांच करते रहें । सूखाताल में निरीक्षण के दौरान उन्होंने सूखाताल को पर्यटकों की दृष्टि से विकसित करने और कार्यों की जानकारी ली।इस दौरान उन्होंने सूखाताल के पास बनने जा रही सुविधाओं आदि का जायजा लिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि सूखाताल के आस पास सीवर लाइन लीकेज की समस्या लंबे समय से है, जिस पर जिलाधिकारी ने जल संस्थान और निगम के अधिकारियों को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए । इस दौरान एस डी एम प्रमोद कुमार, जल संस्थान एक्शन विपिन चौहान समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।





# भक्तिभाव के साथ निकली भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा





किच्छा(उद संवाददाता)। इस्कॉन संस्था द्वारा भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का नगर में विशाल आयोजन किया गया जिसमें नगर के सैकड़ों भक्तों ने शिरकत करते हुए भगवान जगन्नाथ का गुणगान किया। रथ यात्रा का शुभारंभ पुरानी गल्ला मंडी स्थित रामलीला ग्राउंड से प्रारंभ की गई जो की भारी बारिश के बावजूद नगर के विभिन्न स्थानों से होकर आवास विकास बरेली रोड होते हुए उन्हें अपने स्थान पर आकर समाप्त हुई। इस दौरान नगर में भगवान जगन्नाथ कृष्ण के भक्तों ने हरि गुणगान करते हुए नगर को कृष्ण मय बना दिया भारी बारिश के बावजूद भी भक्तों के जोश में कोई कमी नहीं दिखाई दी भगवान जगन्नाथ को एक विशाल रथ में आसान देकर भक्तों द्वारा रस्सों के सहारे से खींचते हुए नगर भ्रमण कराया गया रथ यात्रा के प्रारंभ में भगवान जगन्नाथ की विधि विधान से पूजा अर्चना कर भगवान से भक्तों को सुख शांति देने की प्रार्थना की गई तथा जनमानस के कष्टों को हारने के लिए मनाया गया भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में इस्कॉन संस्था के सेवादारों द्वारा जिसमें महिलाएं और पुरुष भी शामिल थे भगवान जगन्नाथ के हरे कृष्णा हरे रामा हरे रामा हरे कृष्णा की साथ-साथ विभिन्न भजनों पर तार ताम्य बनाते हुए उपस्थिति भक्तों को भक्ति रस में मगन होने पर मजबूर कर दिया। भारी बारिश के बाबजूद भक्त गण ऐसे चल रहे थे मानो बारिश है ही नही। रथ यात्रा का नगर के विभिन्न स्थानों में भव्य स्वागत किया गया।यात्रा के प्रारम्भ में अतिथियों फूल मालाओं से स्वागत किया गया तथा पट्टे वितरित किए गए। इस दौरान इस्कॉन संस्था की पुजारी एवं कार्यकर्ताओं के अलावा मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़, निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कुमार कोली, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीकांत राठौर, अक्षय बाबा, चौधरी भूपेंद्र सिंह, सुभाष तनेजा, भूपेंद्र पपनेजा उर्फ बंटी, सुनीता कश्यप, गुलशन सिंधी, धर्मेंद्र सिंधी, प्रवीण, सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।






## आपदा की स्थिति में त्वरित कार्यवाही करें अधिकारी : डीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि जनपद में देहुवा नदी (सितारगंज) का जलस्तर अधिकतम जलस्तर निशान से 0.22 मीटर ऊपर बहने तथा नदी के जलस्तर में बढोत्तरी की सम्भावना के दृष्टिगत सभी विभागों के अधिकारियों को आपस में समन्वय बनाते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक स्तर पर तत्परता बनाये रखते हुए सावधानी, सुरक्षा एवं आवागमन में नियंत्रण बरता जाये व किसी भी आपदा/दुर्घटना की स्थिति में त्वरित स्थलीय कार्यवाही करते हुए सूचनाओं का तत्काल आदान-प्रदान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त राजस्व उपनिरीक्षक, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अपने क्षेत्रों में बने रहेंगे एवं बाढ़ के दृष्टिगत संवेदनशील क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित आश्रय स्थलों पर भेजने हेतु पूर्व में आवश्यक प्रबन्ध एवं कार्यवाही करेंगे साथ ही उक्त अवधि में फंसे होने की स्थिति पर खाद्य सामग्री व मेडिकल सुविधा की व्यवस्था करेंगे। जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों/कार्यालय अध्यक्षों को निर्देश दिए कि केन्द्रीय जल आयोग के लिंक http//ffs.india-water.gov.in से जलस्तर/खतरे की स्थिति की सतत मॉनीटरिंग करना भी सुनिश्चित करेंगे। आदेशों का अनुपालन न करने की दशा में आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 के तहत विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।






## बार के खिलाफ ग्रामीणों ने केन्द्रीय मंत्री को घेरा

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। शहर में मुख्य मार्गों और रिहायशी इलाकों के बीच में बार और शराब की दुकानें खोली जा रही है। इसका क्षेत्रवासी लगातार विरोध कर रहे हैं। विगत रात्रि अल्मोड़ा के खत्याड़ी में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राज्य मंत्री अजय टम्टा को भी विरोध झेलना पड़ा। ग्रामीणों ने मंत्री की कार रोक कर विरोध जताया और गांव बचाओ बार हटाओ के नारे लगाते हुए ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र से बार हटाने की मांग की। ग्रामीणों ने लोअर माल रोड में बेस चिकित्सालय के पास केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा की कार को घेरकर रोक लिया और बार हटाने की मांग को लेकर जिला प्रशासन के विरोध में नारेबाजी की। नगर से लगे खत्याड़ी गांव के मुख्य मार्ग पर शराब बार खोले जाने का विरोध ग्रामीण पिछले तीन दिन से कर रहे हैं। बीती रात्रि जब केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा अल्मोड़ा के सर्किट हाउस की ओर आ रहे थे। इसकी जानकारी मिलते ही खत्याड़ी के ग्रामीण भारी संख्या में लोअर माल रोड में शराब बार के पास एकत्रित हो गए। मंत्री के पहुंचते ही ग्रामीणों ने मंत्री की कार को घेर कर रोक लिया और बार व जिला प्रशासन के खिलाफ काफी देर तक नारेबाजी की। केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कार से बाहर आकर ग्रामीणों से उनकी समस्या जानी। ग्रामीणों की मांग को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने मौके से जिलाधिकारी विनित तोमर से फोन पर बात की। उन्होंने डीएम को शराब बार का संचालन शीघ्र बंद करने के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ और उन्होंने मंत्री को जाने दिया। इस दौरान आनंद कनवाल, प्रताप कनवाल, पुष्कर कनवाल, दीपक कनवाल, नीमा देवी, तुलसी देवी, कमला देवी, रमा देवी, शांति देवी, जीवंती कनवाल समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।



## फ्री में हेयर कटिंग न करने पर धमकाया

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मौहल्ला शिवनगर ट्रांजिट कैम्प में फ्री में हेयर कटिंग न करने पर युवक ने दुकान स्वामी से न सिर्फ मारपीट कर दी वरन उसे जान से मारने की धमकी भी दे डाली। शिवनगर निवासी जितेन्द्र कुमार पुत्र नरोत्तम ने बताया कि वह मूल रूप से ग्राम गत्ती नगली कुशवाड़ा स्वार रामपुर का निवासी है और यहां परिवार के साथ किरायेदार के रूप में रहकर चामुण्डा मंदिर के पास यूके किंग सेलून नाम से दुकान चलाता है। उसने बताया गत दोपहर शिवनगर निवासी युवक उसकी दुकान पर आया और फ्री में बाल काटने के लिए कहने लगा जब उसको ऐसा करने से मना किया किया तो वह धमकाता हुआ चला गया। जितेन्द्र का कहना है कि शाम को दुकान बंद करने के बाद वह उसे समझाने उसके घर गया तो उसने अपने दोस्तों को बुला लिया और उसके साथ मारपीट कर दी। युवक ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।


**आवश्यकता है**

| | |
|---|---|
| अकाउंटेंट टेली- | 3 वर्ष का अनुभव |
| फील्ड ऑफिसर- | 3 वर्ष का अनुभव |
| रिसेप्शनिस्ट- | 2 वर्ष का अनुभव |
| सुपरवाइजर- | 3 वर्ष का अनुभव |
| माली- | 3 वर्ष का अनुभव |
| चपरासी | |

Mail yr bio data on
Aalishan.uk@gmail.com

-संपर्क करें-
मो.9568300015,17


## आरएएन की छात्राओं ने बैडमिंटन में लहराया परचम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल की कक्षा 9 की छात्रा दिशा सिंह और इताशा भारद्वाज ने योनेक्स सनराइज उत्तराखंड राज्य बैडमिंटन टूर्नामेंट अंडर 15 गर्ल्स श्रेणी में दूसरा स्थान प्राप्त किया। यह टूर्नामेंट नैनीताल जिला संघ द्वारा एस.के. बैडमिंटन अकैडमी हल्द्वानी में 4 से लेकर 8 जुलाई




आयोजित की गई थी। इसके साथ ही इताशा भारद्वाज ने अंदर 15 श्रेणी में मिक्स डबल्स में तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट ने विद्यार्थियों इस उत्कृष्ट सफलता पर उन्हें हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय संस्थापक विंग कमांडर एच. के. राय ने भी विद्यार्थियों को और उनके माता-पिता को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौंधे लगाने की जरूरत: पाण्डे

गदरपुर(उद संवाददाता)। सभी नागरिकों को आगामी समय में पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर 16 जुलाई आने वाले हरेला पर्व को साकार बनाना चाहिए। यह विचार विधायक अरविंद पांडे ने भाजपा नेता के निवास स्थान में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पर्यावरण



संरक्षण के लिए हर नागरिक को जागरुक होकर अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका संरक्षण भी करना होगा उन्होंने गूलरभोज डाम क्षेत्र में सिंचाई विभाग की टीम से वृक्ष लगाने के लिए भी विचार विमर्श किया और कहा कि डाम क्षेत्र में बिना वन विभाग और सिंचाई विभाग के परामर्श के पौधारोपण नहीं किया जा सकता क्योंकि लाभदायक की श्रेणी में आने वाले पौधों का रोपण डाम क्षेत्र मेंकिया जाना अति आवश्यक है। इस मौके पर संतोष गुप्ता, राजेश गुंबर, राकेश भुड्डी, राजीव पपनेजा, मनीष फुटेला, रजत हुड़िया,सन्नी बत्रा,चंकित कुमार,रवि पाल, अंकित हुड़िया आदि मौजूद रहे।

## कैबिनेट मंत्री बहुगुणा ने नुकसान का लिया जायजा

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। शक्तिफार्म क्षेत्र के ग्रामसभा अरविंद नगर एवं झाड़ी गांव में जल स्तर बढ़ने व बाढ़ की सूचना पाकर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा अति वृष्टि के बीच सुबह ही बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में पहुंच गए। उन्होंने बाढ़ से हुये नुकसान का जायजा लेकर राहत शिविरों में पहुंच लोगों की समस्याओं को जाना। उन्होंने



पुलिस एवं एसडीआरएफ द्वारा चलाए जा रहे राहत एवं बचाव अभियान पर अपनी निगरानी बनाए रखी। इस दौरान कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने पीड़ितों को हरसंभव मदद का भी आश्वासन दिया। इस मौके पर दर्जा राज्यमंत्री खतीब अहमद, एसडीएम अशोक जोशी, एसडीएम रविंद्र सिंह, तहसीलदार पूजा शर्मा, कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल, शक्तिफार्म चौकी प्रभारी जगदीश तिवारी,भारत भूषण, समाजसेवी सूरज देवनाथ,उत्तम दास,विक्रम सिंह भंडारी,मयंक अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# बाढ़ की स्थिति के लिए शासन प्रशासन जिम्मेवार: बेहड़

## विधायक बेहड़ ने अधिकारियों के साथ पुरानी गल्ला मंडी स्थित गोला नदी का दौरा किया

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने अत्यधिक बरसात के कारण जलभराव की सूचना मिलने पर किच्छा में कई जगह पर मौका मुआयना किया। विधायक बेहड़ ने अधिकारियों के साथ पुरानी गल्ला मंडी स्थित गोला नदी का दौरा किया व नदी के समीप रह रहे क्षेत्रवासियों से मुलाकात की विधायक बेहड़ ने कहा कि मौसम विभाग द्वारा दो तीन दिन के लिए भारी वर्षा का अनुमान बताया गया है तथा पहाड़ों पर भी अत्यधिक वर्षा के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ गया है जिस कारण उनकी क्षेत्रवासियों से अपील है जो भी नदियों के किनारे रहते है वे सतर्कता बरते, उनके द्वारा पिछले दो साल से लगातार बाढ़ ने निपटने के लिए पुरानी गल्ला मंडी किच्छा में गोला नदी के किनारे ठोकरों का निर्माण कराये जाने के लिए सरकार से मांग की जा रही है, इनके सिचाई विभाग से 4 करोड़ की लागत से तैयार कराये गए आंगणन बनवाकर सरकार को भेज दिए गए है तथा मुख्यमंत्री से कई बार व्यक्तिगत मिलकर दैवीय आपदा से इन ठोकरों का निर्माण कराये जाने हेतु निवेदन किया गया है। साथ ही कई बार जिलाधिकारी उधम सिंह नगर को भी स्थिति से अवगत कराया जा चूका है लेकिन जिला प्रशासन और सरकार दोनों ही इस विषय में अपनी



गंभीरता नहीं दिखा रही है। विधायक बेहड़ ने कहा कि पूर्व में भी उनके द्वारा ही ठोकरों का निर्माण कराया गया था अब जब तक इन ठोकरों का निर्माण नहीं होता वे चौन से नहीं बैठेंगे व जल्द से जल्द पुरानी गल्ला मंडी स्थित गोला नदी में ठोकरों का निर्माण कराये जाने का आश्वाशन क्षेत्रवासियों को दिया द्य सरकार और प्रशासन की उदासीनता के कारण किच्छा गोला नदी में बाढ़ के हालत बने है। विधायक बेहड़ ने कहा की गोला नदी उफान पर है आने ताले समय में यदि वर्षा होती है तो स्थिति गंभीर हो सकती है वे लगतार क्षेत्रवासियों और अधिकारियों से संपर्क बनाये हुए है। इससे पूर्व जनसंवाद कार्यक्रम के तहत पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ओर विधायक तिलक राज बेहड़ के आवास विकास किच्छा स्थित कार्यालय पर तमाम क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याएं रखी। जिस पर विधायक बेहड़ ने उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुए उसके निदान हेतु आवशयक कार्यवाही की। इस दौरान वार्ड न० वार्ड न-19 निवासी रीना, अफसाना, हीना व मौबिस ने घर पर जलभराव की स्थिति से अवगत कराया जिस पर विधायक बेहड ने पटवारी को मौके पर जाने और हर संभव मदद किये जाने हेतु निर्देशित किया।

# गौला पुल और अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के पास हो रहे भू कटाव का किया निरीक्षण

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद श्री अजय भट्ट ने गौला पुल और अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के पास हो रहे भू कटाव का निरीक्षण किया। और नैनीताल और उधम सिंह नगर में भारी बरसात से हुए जल भराव की जानकारी लेते हुए दोनों जिलों के जिलाधिकारी से प्रभावित लोगों की हर संभव मदद करने के निर्देश दिए। श्री भट्ट ने बताया कि पिछले 48 घंटे से हो रही मूसलाधार बरसात की वजह से नदियों के जलस्तर



बढ़ने से तराई के क्षेत्र में जल भरा हुआ है उन्होंने बताया कि खटीमा और उसके आसपास के इलाकों में जल भराव को लेकर वह लगातार अधिकारियों से संपर्क में हैं। इसी प्रकार नैनीताल जिले में भी कई स्थानों पर नुकसान और जल भराव की स्थिति हुई है। उनके द्वारा दोनों जिले के जिला अधिकारियों से लगातार संपर्क कर मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी से भी उनकी दूरभाष पर वार्ता हुई है जल भराव और बरसात से होने वाले नुकसान के अलावा तत्काल लोगों को निकालने के लिए एसडीआरएफ एनडीआरएफ तैयार की गई है। श्री भट्ट ने लोगों से अपील की है कि इस भारी बारिश में सतर्क एवं सुरक्षित रहें। और प्रशासन भी निरंतर हालात पर नजर बनाकर मौका मुआयना और राहत बचाव कार्य में जुटा है।

# गदरपुर में जल भराव की स्थिति का प्रशासन ने लिया जायजा

## जलभराव से प्रभावित कई परिवारों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया

गदरपुर(उद संवाददाता)। मानसूनी बारिश के चलते जहां - तहां नदी नालों में पानी ही पानी सड़कों नालियों में लबालब बह रहा है। देर रात्रि गदरपुर के वार्ड नंबर 11 के कई घरों में कई फुट तक जल भराव से लोगों में हड़कंप मच गया। लोग सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने के लिए मजबूर हो गए। उप जिलाधिकारी एवं आपदा प्रबंधन प्रभारी गौरव पांडे एवं तहसीलदार लीना चंद्रा प्रशासनिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जल भराव की स्थिति देखते हुए उन्होंने तत्काल जेसीबी मशीन से जल भराव के कारण ढूंढ कर जल निकासी का मार्ग दुरुस्त करने के निर्देश दिए। भारी बारिश और जल भराव के चलते ऐसा संभव नहीं हो सका जबकि कुछ दिन पूर्व वार्ड नंबर 11 और एक में बहने वाली ठंडी नदी को जेसीबी एवं पर्यावरण मित्रों के सहयोग से मलबा निकाल कर साफ किया गया था परंतु जल भराव की स्थिति ऐसी रही कि अतिक्रमण के चलते नदी के बीच में बने मकानों की वजह से जल निकासी संभव नहीं हो रही। चर्चा यह भी रही की ठंडी नदी एवं उसकी सहायक नहर के डाम पर पहुंचकर कुछ लोगों ने पानी की निकासी बंद कर दी थी परंतु गूलरभोज डाम से छोड़े गए पानी का दबाव बढ़ने पर छोटा डैम के गेट खोलकर जल निकासी करवाई गई जिससे वार्ड नंबर 11 और वार्ड नंबर 1 एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी जल भराव की स्थिति पैदा हो गई। अतिक्रमण की वजह से पानी के



निकासी की गति धीमी पड़ गई। आपदा प्रबंधन प्रभारी गौरव पांडे के निर्देश पर जल भराव से डूबे घरों में रहने वाले कुछ लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। कई पीड़ित परिवारों के भोजन की व्यवस्था थी प्रशासन द्वारा की गई। लोगों द्वारा प्रशासन द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की गई। कुछ लोग इस मौके पर जल भराव की स्थिति का कारण ठंडी नदी में अतिक्रमण होना बता रहे हैं। कुछ वर्ष पूर्व से कई बार ठंडी नदी को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने के उद्देश्य से तहसील प्रशासन द्वारा ठंडी नदी के दोनों और नपत की गई थी,जिसको राजनीतिक रंग देकर रुकवा दिया गया। विदित हो कि ठंडी नदी के किनारों पर 40 वर्ष पूर्व कोई भी किसी प्रकार का अतिक्रमण मकान आदि नहीं बना था। मात्र छोटी सी जगह पर शमशान घाट का निर्माण किया गया था आज स्थिति यह हो गई लोगों के घरों में तक जल भराव हो गया। लोगों ने प्रशासन से नुकसान पर मदद की गुहार लगाई है। प्रशासन ने चिन्हित परिवारों को सहायता उपलब्ध कराये जाने का आश्वासन दिया है। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग पर ठंडी नदी के पुल पर लोगों का भारी जमावड़ा बना रहा जिस पर थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान की टीम द्वारा तत्परता से यातायात को दुरुस्त कराया जाता रहा वहीं पालिका कर्मचारी भी प्रशासन के आदेश पर जेसीबी मशीन एवं अन्य औजार लेकर तैयार रहे। , ऐसी आपदाएं तो आती ही रहेगी। लोगों को भी जागरूक होना होगा।

# जलभराव वाले इलाकों का किया निरीक्षण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह एवं किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने शहर के विभिन्न वार्डो में जलभराव की स्थिति का जायजा लिया एवं प्रशासन द्वारा नदी किनारे बसे लोगों के घरों पर लगाए गए निशान के संबंध में लोगों को आश्वस्त किया कि किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने जल निकासी के लिए नगर निगम के अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। वार्ड नंबर 4 ट्रांजिट कैंप पश्चिमी, वार्ड नंबर 5 मुखर्जी नगर, वार्ड नंबर 6 जगतपुरा, वार्ड नंबर 39 जगतपुरा पूर्वी, वार्ड नंबर 19 खेड़ा उत्तरी आदि के निचले स्थानों पर निवर्तमान मेयर रामपाल



सिंह, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान, पार्टी के महामंत्री राधेश शर्मा एवं बूथ अध्यक्षों,वार्ड वासियों के साथ जल भराव का स्थलीय निरीक्षण किया। रामपाल सिंह ने भारी वर्षा के कारण अत्यधि जलभराव होने की स्थिति में लोगों को सावधानी बरतने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन एवं नगर निगम जलभराव से निपटने के लिए अपने सतर से प्रयास कर रहा है आपदा से निपटने के लिए प्रशासन द्वारा टीमों का गठन कर हाई अलर्ट पर रखा गया है किसी भी प्रकार की समस्या होने पर स्थानीय लोगों को अपना मोबाइल नंबर देकर सूचित करने के लिए कहा। इस अवसर पर भाजपा उत्तरी मंडल महामंत्री राधेश शर्मा, निवर्तमान पार्षद सुनील कुमार बाबा, पप्पू गुप्ता, मुकेश कुमार, गोपाल रंग, हरीश चंद गाईन, सपन मण्डल, कृष्णा मण्डल, सोनू प्रजापति, मुरली यादव, आतिश साना, सत्यप्रकाश, दीपक चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।

# अमरनाथ यात्रा से लौटे भक्तों का किया स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अमरनाथ यात्रा करके लौटे श्रद्धालुओं के दल का शहर में पहुंचने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल एवं व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा सहित तमाम लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। बता दें समाजसेवी संजय ठुकराल, मोंटी वाधवा, राज चौधरी एवं हर्ष आदि श्रद्धालुओं का दल बीते दिनों बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए श्री अमरनाथ यात्रा पर गया था। सोमवार शाम श्रद्धालुओं का यह दल यात्रा पूरी करके वापस रूद्रपुर लौटा। शहर में पहुंचने पर श्रद्धालुओं का वैशाली कालोनी में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा के अलावा विक्की आहूजा, हिमांशु मिड्ढा, अंश बजाज, विक्की मुंजाल, विशाल मेहरा, आकाश भूसरी , मनीष गोस्वामी, राजू गुप्ता, बंटी राजोरिया, हैप्पी चौहान, विशाल सिंह,पवन गाबा पल्ली, अंश अग्रवाल, मनीष गोस्वामी आदि ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान संजय ठुकराल ने यात्रा के अनुभव भी साझा किये।





# कार्बेट एफसी ने जीती फुटसल क्लब चैंपियनशिप

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के शीर्ष फुटबॉल क्लब कॉर्बेट एफसी ने गुजरात में एआईएफएफ फुटसल क्लब चैंपियनशिप जीतकर इतिहास रच दिया। यह जानकारी देते हुए कॉर्बेट एफसी के डायरेक्टर सुभाष अरोरा ने बताया कि कॉर्बेट एफसी ने बडोदरा में स्वर्णिम गुजरात स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में खेले गए रोमांचक फाइनल में हिमाचल प्रदेश के गोलाजो एफसी को हराया। मैच के दूसरे हाफ के अंत तक दोनों टीमें 2-2 से बराबरी पर थीं। अतिरिक्त समय में टूर्नामेंट के हीरो पीसी लालरुअत्संगा ने विजयी गोल करके उत्तराखंड के क्लब को यादगार खिताब दिलाया। अंतिम स्कोर कॉर्बेट एफसी के पक्ष में 3-2 रहा।कॉर्बेट की जीत में पीसी लाल अत्संगा ने दो और लालबियाक जुआला ने एक गोल किया। 17 गोल



के साथ पीसी लालरुअत्संगा टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने बताया कि गुजरात में इस बार एआईएफएफ फुटसल क्लब चैंपियनशिप में उन्नीस क्लबों ने हिस्सा लिया। पिछले 24वर्षों में अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के किसी टूर्नामेंट में किसी भी सीनियर फुटबॉल टीम में उत्तराखंड की किसी भी टीम द्वारा जीता गया यह पहला खिताब है। श्री अरोरा ने बताया कि पिछले साल उत्तराखंड सूरत में राष्ट्रीय बीच फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रहा था। कांस्य पदक के मैच में उत्तराखंड को दिल्ली से 3-1 से हार का सामना करना पड़ा था। संतोष ट्रॉफी में, उत्तराखंड 2013 -14 में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल चरण में पहुंच चुका है। लेकिन, उसके बाद पहाड़ी राज्य कोई प्रगति करने में विफल रहा।कॉर्बेट एफसी रुद्रपुर से है और आई- लीग में खेलने वाला उत्तराखंड का पहला पेशेवर क्लब है। एआईएफएफ फुटसल क्लब चैंपियनशिप उत्तराखंड के क्लब का पहला बड़ा खिताब है।

# कमिश्नर ने जलभराव से प्रभावित इलाकों का किया निरीक्षण

रूद्रपुर। खटीमा क्षेत्र में वर्षा बाढ़ से भारी जलभराव होने पर मण्डलायुक्त दीपक रावत, डीआईजी योगेन्द्र सिंह रावत





ने खटीमा बाजार, नगला तराई गांव, मेलाघाट जमौट, प्रतापपुर आदि जलभराव क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने रेस्क्यू व राहत कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा किसी को भी कतई परेशानी नहीं होने दी जायेगी, लोग संयम व धैर्य से काम लें, सभी को प्रशासन द्वारा राहत पहुँचाई जायेगी। मण्डलायुक्त श्री रावत ने जिलाधिकारी उदयराज सिंह, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, उप अजिलाधिकारी रवीन्द्र बिष्ट, एनडी आरएफ के श्री दुबे से रेस्क्यु , राहत- बचाव कार्यो की पूर्ण जानकरी ली। जिलाधिकारी ने बताया कि कल रात से क्षेत्र में भारी वर्षा के कारण प्रातः जलभराव हो गया था, प्रातः से ही रेस्क्यु, राहत बचाव कार्य प्रारंभ कर दिया गया था। रेस्क्यु , राहत बचाव कार्य जिला प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ व एसडीआरएफ के माध्यम से सुचारू है तथा जलभराव क्षेत्रों से लोगों को रेस्क्यू कर निकालने का कार्य सुबह से ही किया जा रहा है। अभी तक प्रशासन, पुलिस व एनडीआरएफ द्वारा क्षेत्र के लगभग 500 लोगों को रेस्क्यु कर निकाला गया है व उन्हें रिश्तेदारों के घर पहुँचाया गया है। उन्होंने बताया कि जो घर में रहकर ही पानी के कम होने का इंतजार कर रहे है उन्हें खाना-पानी दिया गया है। उन्होंने बताया किराजीव नगर अमाऊ, पकड़िया, प्रतापपुर व तराई नगला क्षेत्र में पानी भरा हुआ था, सभी जगह राहत बचाव कार्य किया गया। उन्होंने बताया कि राहत बचाव एव राहत शिविर की पूर्ण तैयारियाँ है। सभी जलभराव प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के लिए भोजन-पानी की व्यवस्था कर दी गई है। एडीएम, एसडीएम वहीं कैम्प कर रहे है, सारी व्यस्था सुनिश्चित करेंगे, राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जायेगी। आयुक्त ने सभी लोगों से अपील की है कि वर्षाकाल में सांपों के काटने का भय रहता है इसलिए चारपाई में व ऊचें स्थानों पर सोये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को चिकित्सालयों में एन्टी स्नेक वेनम पर्याप्त मात्रा में रखने व जल जनित बीमारियों की दवाइयां भी पर्याप्त मात्रा में रखने के निर्देश दिये। राहत बचाव कार्यों में अपरजिलाधिकरी अशोक जोशी, उप जिलाधिकारी रवीन्द्र बिष्ट सहित जिला प्रशासन के अधिकारी व एनडीआरएफ /एसडीआरएफ पुलिस आदि मौजूद थे।

# भारत विकास परिषद की बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

गदरपुर (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद उत्तराखंड पूर्व प्रान्त की प्रांतीय कार्यकारिणी की एक बैठक नगर के एक रेस्टोरेंट में सम्पन्न हुई।पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार भारत विकास परिषद के सभी प्रांतीय पदाधिकारी गदरपुर में एकत्र हुए।सभी पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर वन्दे मातरम् गाने के पश्चात बैठक का शुभारंभ किया। बैठक प्रारंभ होने से पूर्व बैठक में पहुँचे सभी प्रांतीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों का गदरपुर शाखा के अध्यक्ष रविन्द्र बजाज, सचिव प्रमोद बजाज, कोषाध्यक्ष डॉ विनीत अरोड़ा,महिला संयोजिका ज्योति ग्रोवर,उपाध्यक्ष राजीव ग्रोवर,बंटी छाबड़ा, गौरव मदान,उपसचिव पारस धवन, अशोक भुड्डी ने शाल पहनाकर स्वागत किया।बैठक में पूर्व में हुए कार्यक्रमों की समीक्षा तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार विमर्श हुआ।भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल ने पूरे प्रांत में शाखाओं के विस्तार पर चर्चा की।संयुक्त क्षेत्रीय महासचिव नरेन्द्र अरोड़ा ने प्रांत के ऐसे स्थानों पर भी शाखा गठन पर जोर दिया जहाँ पर अभी तक शाखा का गठन नहीं हुआ है।क्षेत्रीय सचिव आर के गुप्ता ने अधिक से अधिक नए सदस्य बनाने पर जोर दिया।क्षेत्रीय संयोजिका महिला एवं बाल विकास श्रीमती पाला मेहता ने शाखाओं में महिलाओं हेतु अधिक कार्यक्रम करने का आग्रह किया। प्रांतीय अध्यक्ष श्री नरेश कंसल ने सभी पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वह राष्ट्रीय एवम् क्षेत्रीय समितियों द्वारा निर्धारित सभी कार्यक्रमों को संपन्न करायें। बैठक में 10 जुलाई को परिषद के स्थापना दिवस पर प्रत्येक शाखा में कोई न कोई प्रोग्राम अवश्य करने का निर्देश दिया।तथा हरेला पर्व पर भी अधिक से अधिक वृक्ष लगाने हेतु भी निर्देशित किया।पूरे प्रांत में भारत को जानो का आयोजन 9 अगस्त को किए जाने पर सहमति बनी।बैठक का संचालन प्रांतीय महामंत्री हरीश शर्मा ने किया। बैठक समाप्ति पर राष्ट्र गान के पश्चात सभी पदाधिकारियों को पौधा भेंट कर पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया। बैठक में प्रांतीय महिला संयोजिका गीतू केसरवानी, सह संयोजिका महक जैन, पारुल गुप्ता, संजय राधू,संजय खेड़ा,पवन, डॉ विश्वनाथ, दीपक सुधा,विनोद चुग सहित काफी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे।




# जेसीज स्कूल के छात्र श्रेयांश साहू का अंतर्राष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट में तृतीय स्थान

रूद्रपुर (उद संवाददाता) ।जेसीज स्कूल के 7वीं के छात्र श्रेयांश साहू ने फरीदाबाद में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट में तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम एएफसीए इंटरनेशनल, ओपन क्लासिकल फाइड रेटेड चेस टूर्नामेंट का आयोजन फरीदाबाद में किया गया था। जिसमे श्रेयांश ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया।



इसके साथ उन्हें 5000 रुपए की धनराशि भी पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई । विद्यालय प्रबंधन समिति के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर ने श्रेयांश की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में अपार संभावनाएं हैं। विद्यालय सदैव प्रतिभावान विद्यार्थियों को दिशा देने के लिए सदैव तत्पर है। श्रेयांश अपनी उपलब्धियों से विद्यालय और परिवार का नाम रोशन कर रहें हैं। विद्यालय निदेशक सुधांशु पंत, प्रधानाचार्य प्रवेश मेहरा और अनुभाग प्रमुखों ने श्रेयांश और उनके गौरवान्वित माता-पिता को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# अरुणोदय के वार्षिकोत्सव में वृद्ध जनों को किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अरुणोदय संस्था नवाबी रोड का वार्षिकोत्सव यहां अरुणोदय धर्मशाला नवाबी रोड में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हुआ। वार्षिक उत्सव के मुख्य अतिथि विधायक सुमित हृदयेश, विशिष्ट अतिथि कर्नल प्रकाश तिवारी (रिटा), संस्थाध्यक्ष डीके पलड़िया, न्यास के अध्यक्ष जीवन सिंह रावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर अरुणोदय स्मारिका का विमोचन किया गया। संस्था एवं समाज के लिए सराहनीय योगदान करने वाले 4 वृद्धजनों को वृद्ध-जन सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में 74 वर्षीय नन्दी देवी काण्डपाल, 72 वर्षीय भगवती देवी, 85 वर्षीय नरेश चन्द्र जोशी एवं 79 वर्षीय वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीश चन्द्र बेलवाल शामिल हैं। विभिन्न विद्यालयों के 12 निधन मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के चौक प्रदान किए गये। डा. गुंजन जोशी के नेतृत्व में नन्हे मुन्ने बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि सुमित हृदयेश ने अरुणोदय संस्था द्वारा समाज हित में किये जा रहे कार्यों की सराहना की तथा संस्था के विकास कार्यों के लिए विधायक निधि से पांच लाख रुपए देने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि कर्नल प्रकाश तिवारी ने अपने सम्बोधन में प्रेरक प्रसंग सुनाकर कर्मशील रहने की अपील की। इससे पूर्व अध्यक्ष डीके पलड़िया ने सभी का स्वागत किया। संस्थापक सदस्य जीडी सती ने संस्था के विकास की जानकारी दी। इस अवसर डा. केदार पलड़िया, राकेश बेलवाल, पूर्व अध्यक्ष पुष्पलता जोशी, पीताम्बर दत्त तिवारी, महामंत्री लतेशमोहन, कोषाध्यक्ष एमबी जोशी, राजकुमार केसरवानी, स्मारिका की सम्पादक डा. दीपा काण्डपाल, रोहित केसरवानी , बीबी जोशी, नवीन तिवारी, जितेन्द्र रौतेला, जीवन चन्द्र जोशी, कैलाश कुमार तिवारी, नारायण दत्त जोशी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संस्था के उपाध्यक्ष राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक बिपिन चन्द्र पाण्डे ने किया।



# जनता की आवाज को मजबूती देगी कांग्रेस: नवप्रभात

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। कांग्रेस अनुशासन समिति अध्यक्ष नवप्रभात ने स्वराज आश्रम में कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक लेकर संगठन को मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की। कांग्रेस भवन स्वराज आश्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुशासन समिति के अध्यक्ष, पूर्व काबीना मंत्री नवप्रभात ने समीक्षा बैठक में प्रतिभाग किया और कांग्रेस पदाधिकारियों संग संगठन की मजबूती को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की। विधायक सुमित हृदयेश ने माल्यार्पण कर अनुशासन समिति अध्यक्ष नवप्रभात का हल्द्वानी आगमन पर स्वागत किया। नवप्रभात ने कहा कि जननायक, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस मजबूती के साथ आम जनमानस की आवाज बन कर उभरी है। भविष्य में भी कांग्रेस जनता की आवाज को मजबूती देगी।विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि कांग्रेस ने मजबूती और एकता संग चुनाव लड़ा, परिणाम चाहे अनुकूल नही रहे लेकिन भविष्य में इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। जिलाध्यक्ष नैनिताल राहुल छिमवाल और हल्द्वानी महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं में इस समय अभूतपूर्व जोश और ऊर्जा है बस जरूरत है इस जोश और ऊर्जा को सही दिशा देने की।जननायक राहुल गांधी के नेतृत्व में उत्तराखंड कांग्रेस सही दिशा देने का कार्य करेगी। समीक्षा बैठक में हरीश मेहता, हेमंत बगड़वाल, भोला दत्त भट्ट, शोभा बिष्ट, दीपक बलुटिया, ललित जोशी, एनबी गुणवंत, सुहैल सिद्दीकी, जया कर्नाटक, भगीरथी बिष्ट, भगवती जोशी, गोविंद बगड़वाल, मलय बिष्ट, योगेश जोशी, हिमांशु जोशी, हेम पाण्डे, जाकिर हुसैन, विनोद कुमार पिंनु, संदीप भैसोड़ा, कन्नू परगाई, उमेश कबड़वाल, हेमवती नंदन दुर्गापाल, संजय किरौला, डॉ केदार पलड़िया, दयाकिशन बमेठा, हरीश बिष्ट, महेश कांडपाल, अर्णव कंबोज, प्रताप बर्गली, संजू उप्रेती, बबलू बिष्ट आदि कांग्रेसजनों ने अपने विचार व्यक्त किये।



# क्षेत्र पंचायत की बैठक 11 जुलाई को

रूद्रपुर (उद संवाददाता) ।प्रमुख क्षेत्र पंचायत रूद्रपुर ममता जल्होत्रा ने बताया कि क्षेत्र पंचायत रूद्रपुर की बैठक 11 जुलाई को प्रातः 11 बजे विकास खण्ड सभागार रूद्रपुर में आयोजित की जायेगी। उन्होने सभी सम्मानित क्षेत्र पंचायत सदस्यो एवं प्रधानगणों से अनुरोध किया है कि बैठक में स्वंय प्रतिभाग करें। उन्होने कहा है कि किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा अपने स्थान पर परिवार के किसी सदस्य अथवा अन्य को क्षेत्र पंचायत की बैठक में प्रतिभाग करने हेतु अधिकृत न किया जाये।

# जनसुनवाई अदालत 11 जुलाई को

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सचिव उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग जेएस रावत ने बताया कि उपाध्यक्ष उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग मजहर नईम नवाब के निर्देशन में 11 जुलाई बृहस्पतिवार को प्रातः 11 बजे से विकास भवन सभागार में आयोग को प्राप्त शिकायती प्रकरणों की जनसुनवाई अदालत बैठक आयोजित की गयी है।

# अर्जुन पुरस्कार विजेता निशानेबाज अंकुर मित्तल ने डीपीएस का किया दौरा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भारत सरकार के 'खेलों-इंडिया' ध्येय वाक्य को देशभर के सभी स्कूलों में लागू किया जा रहा है। इसी पहल के तहत, दिल्ली पब्लिक स्कूल में अर्जुन पुरस्कार विजेता निशानेबाज अंकुर मित्तल का स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों के साथ संवाद भी किया।पूर्व विश्व न०1 निशानेबाज श्री मित्तल ने अपनी निशानेबाजी की यात्रा, कठिन परिश्रम के महत्व और खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के अपने अनुभवों को छात्रों के साथ साझा किया। उन्होंने बताया कि किस तरह कड़ी मेहनत और लगन से सफलता हासिल की जा सकती है।श्री मित्तल ने भविष्य में समय-समय पर डीपीएस-रुद्रपुर आकर बच्चों का मार्गदर्शन करने और उन्हें प्रोत्साहित करने का वादा किया। विद्यालय के चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर और डीपीएस की शूटिंग अकादमी के छात्रों और उनके अभिभावकों ने उनका स्वागत किया। श्री ग्रोवर ने इस अवसर पर अंकुर मित्तल को विद्यालय की खेल उपलब्धियों से अवगत कराया और निकट भविष्य में आयोजित होने वाले खेलों की योजनाओं का भी वर्णन किया। अंकुर मित्तल ने 2018 विश्व-कप में लगातार दो स्वर्ण पदक जीते हैं तथा 2017 विश्व चौम्पियनशिप में रजत पदक भी हासिल किया है तथा 2018 कॉमनवेल्थ गेम्स की डबल ट्रैप स्पर्धा में रजत पदक प्राप्त किया है। यह निश्चित रूप से छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत होगा और उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करेगा।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# परीक्षाओं की सुचिता

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि यह स्पष्ट है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी यानी एनटीए द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा यानी नीट में पेपर लीक हुआ है, मगर इसमें देखना होगा कि इसका दायरा कितना बड़ा है। दरअसल, विद्यार्थियों की तरफ से दायर याचिकाओं में दुबारा नीट परीक्षा कराने की मांग की गई है। इस संबंध में अदालत ने एनटीए और सीबीआइ से पूछा है कि इसका दायरा कितना बड़ा है। अगर दो छात्रों को इसका लाभ मिला है, तो पूरी परीक्षा को रद्द करने का आदेश नहीं दिया जा सकता, लेकिन सोशल मीडिया के माध्यम से पर्चाफोड़ हुआ है तो यह जंगल की आग की तरह है। अगर परीक्षा की शुचिता 'नष्ट' हुई है तो दुबारा परीक्षा का आदेश देना होगा। हालांकि एनटीए और सरकार अंत तक अपनी दलील पर अड़े रहे कि जिन अभ्यर्थियों को कृपांक दिया गया था, उन्हें दुबारा परीक्षा देने का विकल्प दिया गया और अब नतीजे दुरुस्त हैं। मगर अदालत ने एनटीए से पर्चा लीक की प्रकृति और उन केंद्रों के नाम बताने को कहा है, जहां पर्चा लीक हुआ। सीबीआइ से पूछा है कि उसकी जांच में क्या तथ्य हाथ लगे हैं। दुबारा परीक्षा की मांग करने वाले छात्रों से भी अपने पक्ष में तर्क देने को कहा है। इस मामले में अगली सुनवाई गुरुवार को होनी है। लगता नहीं कि एनटीए के पास अपने बचाव में कोई पुख्ता दलील बची है। वह शुरू से यही कहती आ रही है कि इस परीक्षा में पेपर लीक हुआ ही नहीं। केंद्रीय शिक्षामंत्री भी कहते रहे कि परीक्षा से पहले पर्चे बाहर नहीं गए। मगर सर्वोच्च न्यायालय ने माना है कि पर्चा लीक तो हुआ है। परीक्षा के दिन से ही विद्यार्थी आरोप लगा रहे हैं कि इसमें नकल कराई गई, मगर एनटीए उसे खारिज करता रहा। फिर जब नतीजे आए तो अभूतपूर्व ढंग से सड़सठ विद्यार्थियों को पूरे अंक मिले देखे गए। यह भी तथ्य उजागर हो गया कि कुछ केंद्रों पर ही ऐसे विद्यार्थियों की संख्या अधिक थी। एनटीए दलील देता रहा कि चूंकि जिन विद्यार्थियों को पर्चा मिलने में देर हुई उन्हें कृपांक दिए गए, इसलिए उनके अंक बढ़ गए। मगर इस सवाल का उसके पास कोई संतोषजनक जवाब नहीं था कि कृपांक देने का उसका आधार क्या था। फिर दबाव बना, तो पंद्रह सौ से अधिक कृपांक पाए विद्यार्थियों की दुबारा परीक्षा ली गई। इस परीक्षा में करीब चौबीस लाख विद्यार्थी बैठे थे। इसके लिए उन्होंने महीनों कड़ी मेहनत से तैयारी की थी। अगर दुबारा परीक्षा होगी, तो उन्हें फिर से उसी प्रक्रिया से गुजरना होगा। मगर विडंबना है कि न तो एनटीए ने इस मामले को गंभीरता से लिया और न सरकार ने। कहां तो सरकार को यह भरोसा कायम करना चाहिए कि इस तरह की किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में कोई धांधली हो ही नहीं, वह खुद इस पर पर्दा डालने में जुटी रही। अगर वह सचमुच इसे लेकर गंभीर होती, तो मामला सर्वोच्च न्यायालय में जाने ही न पाता। सरकार के इस रवैए से पेपर लीक करने वाले नकल माफिया को प्रश्रय ही मिलेगा और वे काबिल छात्रों की हकमारी कर पैसे के बल पर अयोग्य विद्यार्थियों को चिकित्सा जैसे संवेदनशील महकमे में प्रवेश दिलाते रहेंगे। जब तक सरकार सच्चाई स्वीकार करने का साहस नहीं दिखाती और नकल कराने वालों के खिलाफ गंभीरता से सख्ती नहीं बरतती, तब तक ऐसी समस्याओं से पार पाना कठिन बना रहेगा।

# बिहार में भी हिंदी में होगी एमबीबीएस की पढ़ाई

बिहार सरकार हिंदी में चिकित्सा शिक्षा में स्नातक स्तर का पाठ्यक्रम अगले सत्र से शुरू करने जा रही है। मध्य प्रदेश के बाद इस तरह की पहल करने वाला बिहार दूसरा राज्य है। मध्यप्रदेश में तो एमबीबीएस का एक बैच पास करके निकल भी चुका है। अब बिहार में हिंदी माध्यम से पढ़ाई करने का विकल्प छात्रों को मिलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जल्द पाठ्य पुस्तकें तैयार करने का भरोसा दिया है। हिंदी को वैश्विक भाषा के रूप में स्थापित करने में ऐसे उपाय लाभदायी होंगे। ऐसा इसलिए भी किया गया है, जिससे बिहार में हिंदी माध्यम से पढ़ाई कराने वाले जो 85 हजार सरकारी विद्यालय हैं, उनसे पढ़कर आने वाले छात्रों को चिकित्सा शिक्षा हासिल करने का अवसर मिल जाए। एमबीबीएस की हिंदी माध्यम से पढ़ाई समाजिक न्याय के साथ समाज को भाषाई धरातल पर उन्नत व विकसित करने की बड़ी पहल है। विश्व के ज्यादातर देश अपनी मातृभाषाओं में चिकित्सा, अभियांत्रिकी एवं अन्य विज्ञान विषयों की पढ़ाई करते हैं। रूस, चीन, यूक्रेन में जाकर जो बच्चे एमबीबीएस करके आते हैं, उन्हें पहले एक वर्ष इन देशों की मातृभाषा ही पढ़ाई जाती है। जापान और जर्मनी में भी यही पद्धति लागू है। चीन और जापान की भाषाएं चित्रात्मक लिपि में लिखी जाने के कारण अत्यंत कठिन मानी जाती हैं। कुछ इसी तरह की लिपि प्राचीन नगर मोहनजोदड़ों और हड़प्पा की भाषाओं की है। बावजूद मेधावी भारतीय छात्र इन भाषाओं में एक साल के भीतर ही परंगत हो जाते हैं। ऐसे में हिंदी भाषा में पढ़ाई छात्रों में स्वत्व की भावना पैदा करेगी। जिस तरह से दूसरे विकसीत देशों में ज्ञान, विज्ञान और तकनीक के क्षेत्रों में शोध व आविष्कार अपनी भाषाओं के माध्यम से होते हैं, भारत में भी कालांतर में यह स्थिति बन जाएगी। अभी तो हालात ये हैं कि एमबीबीएस और इंजीनियरिंग में जो छात्र मातृभाषाओं में पढ़कर आते है, उन्हें अंग्रेजी नहीं आने के कारण मानसिक प्रताड़ना की ऐसी स्थिति से गुजरना होता है कि आत्महत्या तक को विवश हो जाते हैं। दिल्ली एम्स में अनिल मीणा नाम के एक छात्र ने सुसाइट नोट में यह लिखकर आत्महत्या की थी कि मेरी समझ में अंग्रेजी नहीं आती है और शिक्षक व मेरे सहपाठी मेरी मदद भी नहीं करते हैं। आईआईटी जैसे संस्थानों में भी कस्बाई इलाकों से आने वाले छात्रों को ऐसे ही हालातों से दो-चार होना पड़ता है। अतएव देर आए, दुरुस्त आए कहावत चिकित्सा शिक्षा में लागू होती है। हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं के माध्यम से विज्ञान की शिक्षा दी जाए इस दिशा में गृहमंत्री अमित शाह अहम् भूमिका निभा रहे हैं। चिकित्सा शिक्षा की हिंदी माध्यम की पुस्तकें मध्यप्रदेश में तैयार कराकर एक बैच इनसे पढ़कर एमबीबीएस कर भी चुका है। यही पुस्तकें बिहार में सहायक हो सकती हैं। देश में इंजीनियरिंग की पढ़ाई को आठ भारतीय भाषाओं में कराने की मंजूरी पहले ही दी जा चुकी है। भारत में हर तरह की उच्च और तकनीकी शिक्षा का माध्ययम अंग्रेजी है। नतीजतन भारतीय समाज में ऐसी धारणा बन गई है कि हिंदी माध्यम से पढ़ाई की तो उत्तम दर्जे के रोजगार हासिल करना असंभव है, इसलिए जैसे ही परिवार का मुखिया आर्थिक रूप से सक्षम होता है। अपने नौनिहालों को अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा दिलाने का प्रबंध कर देता है। इस कारण एक तरह से बच्चे न केवल अपनी भाषा से दूर होने लगते हैं, बल्कि अपनी सांस्कृतिक विरासत से भी उनकी स्वाभाविक रूप में दूरी बढ़ने लगती है। इसीलिए आजादी के बाद से ही भारतीय भाषाओं को विज्ञान व तकनीक विषयों के माध्यम बनाए जाने की कोशिशें की जाती रही थीं। लेकिन नौकरशाही की दहलीज पर जाकर सभी कोशिशें दम तोड़ देती थीं। किंतु मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान और अब नीतीश कुमार ने हिंदी माध्यम से डॉक्टरी कराने का संकल्प ले लिया है। इस शुरुआत के बाद राष्ट्रबोध से प्रेरित अनेक चिकित्सक हिंदी में पर्चे लिख रहे हैं और छात्र किडनी व लीवर की संरचना हिंदी में जानकर आत्मसंतोष का अनुभव कर रहे हैं। गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय के पूर्व अधिष्ठाता डॉ अक्षय निगम का कहना है कि इस नावाचार को पूरी ईमानदारी से करने की जरूरत है। उनका कहना है कि जब हमारे बच्चे चीन, रूस और अन्य देशों में जाकर उनकी भाषा में पढ़ाई कर सकते हैं तो अपनी भाषा में क्यों नहीं पढ़-लिख सकते है। हिंदी तो आज पूरी दुनिया में बोली और समझी जाती है और हमारी अपनी भाषा है। वैसे भी समूचे हिंदी क्षेत्र में छात्रों के लिए हिंदी माध्यम मानसिक रूप से उत्साहित और प्रतिबद्ध करने वाला है। एक तरह से हिंदी के लिए आदर्श वातावरण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार केंद्र में जबसे है, तभी से हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं के उत्थान और प्रयोग हेतु अनुकूत वातावरण बनाने की लगातार कोशिशें हो रही हैं। इसी कड़ी में नूतन राश्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गात स्कूली शिक्षा हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में देने के प्रावधान किए गए हैं। बावजूद यह विडंबना है कि आजादी के इन 77 सालों में अंग्रेजी का प्रभुत्व कुछ इस तरह से खड़ा किया गया कि समस्त भारतीय भाषाएं शिक्षा और रोजगार से बेदखल होती चली जा रही हैं। यही स्थिति अदालतों, बैंको और अन्य बड़ वाणिज्यिक संस्थानों में है। इसी का परिणाम रहा कि लोगों की यह मानसिकता बेवजह बनती चली गई कि अंग्रेजी के बिना आजीविका के साधन जुटाना मुश्किल है। अंग्रेजी की वकालात करने वालों ने अंग्रेजीयत की इस मंशा को कुछ इस ढंग से रचा कि 77 सालों में इसका रंग गहरे से गहरा होता चला गया। यह अच्छी बात है कि आजादी के इस अमृतकाल में हिंदी विज्ञान की शिक्षा में समरसता एवं सामाजिक न्याय का आधार बन रही हैं। वैश्वीकरण के दौर में विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास की अवधारणा महत्वपूर्ण है। गुलामी की लंबी दासता का अभिशाप झेलने के कारण हमने अपनी ज्ञान परंपराओं को नकारा और हम पश्चिमोन्मुखी हो गए। जबकि हमारे यहां विज्ञान और गणित की श्रेष्ठतम परंपराएं थीं। शून्य और दशमलव की अवधारणा दुनिया को भारत ने दी। जिस सूक्ष्म (नैनो) तकनीक के आविष्कार की बात पश्चिमी देश करते हैं, वह भ्रामक हैं। वर्तमान में 400, 500 और 600 काउंट के महीन धागे देखने में आते हैं। लेकिन आजादी के पहले के अखण्ड भारत में ढाका और मुर्शीदाबाद में 2400 और 2500 काउंट का भी धागा बनता था। मात्र एक ग्रेन में 29 गज लंबा धागा। लेकिन जब फिरंगियों ने ढाका में सूती वस्त्रों के निर्माण का औद्योगिक कारोबार शुरु किया तो हाथों से महीन धागा कातने वाले कारीगरों के हाथों के अंगूठे काट दिए, जिससे उनका औद्योगिक विकास निर्बाध गति से परवान चढ़ता रहे। अक्सर कहा जाता है कि हिन्दी के पास शब्द साम्थर्य कम है। जबकि हकीकत यह है कि हिन्दी के शब्दकोष में सात लाख शब्दों का भंडार है और संस्कृत में बीस लाख शब्दों का। वृहद संस्कृत-अंग्रेजी शब्दकोष पुणे के डेक्कन कॉलेज में तैयार हो चुका है। इसमें एक-एक अंग्रेजी शब्द के बीस-बीस संस्कृत में पर्यावाची दिए हैं। अभी तक इतना बड़ा शब्दकोष अन्य किसी भाषा में नहीं है। हम जानते है कि संस्कृत ही वह भाषा है, जिससे भारत की अनेक भाषाओं समेत विदेशों की भी कई भाषाओं ने जन्म लिया है। इस शब्दकोष का पहला संस्करण 1976 में छपा था, इस पर आगे भी कार्य जारी है।

**प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार।**

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

बागेश्वर(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस क्षेत्र में एक युवती के साथ प्रेम प्रसंग कर उसे शादी का झांसा देने और शारीरिक शोषण करने के मामले में युवती की प्राथमिकी पर पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।जहां पुलिस ने आरोपी का चिकित्सीय परीक्षण करने के बाद उसे न्यायालय में पेश कर दिया है, जहाँ आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया है।दफौट क्षेत्र निवासी आरोपी उमेश तिवारी युवती को शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक पर एक युवती ने शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण करने व जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करने की शिकायत की थी। युवती ने पुलिस को दी प्राथमिकी में शादी का झांसा देकर बागेश्वर से अलग-अलग जगह ले जाकर उसका शारीरिक शोषण करने, वही फिर डराने एवं जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करने की प्राथमिकी दर्ज कराई थी।जिसके बाद पुलिस ने तत्काल मामले का संज्ञान लेते हुए आरोपी युवक की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया। वही आरोपी युवक के



खिलाफ धारा 376/504/506/आईपीसी व 3 (2) (ट) एससी/एसटी के तहत मुकदमा दर्ज किया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में तत्काल आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई, जिस वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजय बृजवाल व अन्य पुलिस कर्मियों द्वारा मामले में आरोपी युवक उमेश तिवारी को ताकुला टैक्सी स्टैण्ड के पास से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएसआई संजय बृजवाल,आरक्षी नरेन्द्र गोस्वामी,चीता पुलिस टीम के कर्मचारी आदि मौजूद थे।

# आपदा प्रबंधन के लिए अलर्ट रहें : राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को राजभवन में सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन से मानसून-2024 के अद्यतन जानकारी ली। राज्यपाल ने प्रदेश के कई जनपदों में हो रही भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति की जानकारी ली। राज्यपाल ने कहा कि पिछले अनुभवों से सीख लेते हुए संभावित चुनौतियों से निपटने के लिए अपनी तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान जानमाल का नुकसान कम से कम हो इसके लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया आदि के माध्यम से चलायी जाने वाली फेक न्यूज का खंडन कर ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जाए। राज्यपाल ने कहा कि संभावित आपदा, भूस्खलन और जलभराव जैसे स्थानों में अलर्ट रहने के निर्देश अधिकारियों को दिए जाएं जिससे लोगों को कम से कम परेशानियों का सामना करना पड़े। सचिव आपदा प्रबंधन ने इस दौरान राज्यपाल को वर्षा के अद्यतन स्थिति, नदियों तथा बैराज के जलस्तर, मानसून के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों की स्थिति का विवरण, सड़क दुर्घटनाओं में मानव क्षति, विभिन्न स्थलों पर हुए भूस्खलन आदि के बारे में विस्तृत



जानकारी दी। उन्होंने आपदा के त्वरित प्रतिवादन और बचाव एवं राहत कार्य हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सहित प्रत्येक जनपदों में आपदा परिचालन केन्द्र अनवरत रूप से संचालित हैं। राज्य आपदा प्रबंधन हेतु 18 विभागों के नोडल अधिकारी कार्य कर रहे हैं। सीएपी और व्हाट्सएप के माध्यम से आम जनमानस को चेतावनियों का प्रसारण किया जा रहा है। भूस्खलन संभावित क्षेत्रों मे जेसीबी एवं नदियों की निगरानी हेतु ऑटोमेटेड वॉटर लेवल रिकार्डर लगाए गये हैं। 113 बाढ़ चौकियों की स्थापना और समस्त बांध परियोजनाओं को ऑटोमेटिक हाईड्रोलॉजिकल सैंसर स्थापित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि मानसून में किसी भी प्रकार की चुनौती से निपटने के लिए हर स्तर पर तैयारियां पूर्ण हैं।

# जिलाधिकारी ने ली अम्ब्रेला टास्क फोर्स की बैठक

बागेश्वर(उद संवाददाता)।बच्चों के हितों की रक्षा के लिए गठित अम्ब्रेला टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी अनुराधा पाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को बच्चों को उनके अधिकार दिलाने के लिए सभी हितकारीकार्य करने और सभी विभाग परस्पर सहयोग से नाबालिकों के हितों के संरक्षण के लिए कार्य करने की बात कही। सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में अम्ब्रेला टास्क फोर्स की संपन्न बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि नाबालिगों के वाहन चलाने पर उनके अभिवावकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाय। उन्होंने स्कूल वाहनों की चेकिंग करने के निर्देश एआरटीओ को दिए। जिलाधिकारी ने पंचायत विभाग को ग्राम पंचायतों की खुली बैठक में बच्चों के अधिकार व नशा उन्मूलन की जानकारी देने,श्रम विभाग को नियमानुसार होटल, रेस्टोरेंट समेत खदान क्षेत्र व निर्माणाधीन भवनों का औचक निरीक्षण कर बाल श्रम को रोकने,सीईओ को स्कूलों में सभी विभाग मिलकर नशामुक्ति, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल अधिकार आदि के संबंध में जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी हेम तिवारी व विधि परिवीक्षा अधिकारी ने बताया कि बाल अपराध का कोई मामला लंबित नहीं है। उन्होंने सीडब्ल्यूसी के कार्यों व जनपद में नशा मुक्ति केंद्र एवं बाल कल्याण भवन की प्रक्रिया की भी जानकारी दी।बैठक में सीडीओ आरसी तिवारी, सीईओ गजेंद्र सिंह सोन, पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी, सहायक परिवहन अधिकारी हरीश रावल, डॉ प्रमोद जंगपांगी, प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास रेनू नगरकोटी, कैलाश गिरी समेत सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष दीवान सिंह दानू आदि उपस्थित थे।



# गौला नदी का जलस्तर बढ़ने से क्रिकेट स्टेडियम की तरफ हुआ भूकटाव

हल्द्वानी। हल्द्वानी में पिछले 48 घंटे से हो रही भारी बरसात और गौला नदी के जलस्तर बढ़ने से क्रिकेट स्टेडियम की तरफ भूकटाव शुरू हो गया है। जानकारी मिलते ही मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट ए पी बाजपेई, सहायक खेल निदेशक राशिका सिद्दीकी और तहसीलदार सचिन कुमार ने अधिकारियों सहित मौके का निरीक्षण किया। सिटी मजिस्ट्रेट ए पी बाजपेई ने अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के गौला नदी किनारे पश्चिमी छोर का निरीक्षण करते हुए लगातार गोला नदी के जलस्तर से हो रहे भूकटाव का निरीक्षण किया। इस दौरान बताया कि खेल विभाग के उच्च अधिकारियों को इस संबंध में अवगत करा दिया गया है। साथ ही जलस्तर कम होने के बाद उपरोक्त हिस्से में बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।



# उत्तराखंड के पांच जवानों की शहादत से माहौल हुआ गमगीन

देहरादून(उद संवाददाता)। जम्मू-कश्मीर में आतंकियों ने एक बार फिर से पुलवामा जैसा हमला किया है। इस हमले में पांच जवान शहीद हो गए। जबकि कई जवान घायल हैं। आतंकी हमले में शहीद होने वाले सभी जवान देवभूमि उत्तराखंड के हैं। इस खबर के बाद से पूरे प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई है। आतंकी हमले में 26 साल के आदर्श नेगी भी शहीद हो गए हैं। उनके बलिदान की खबर के बाद से परिवार में मातम पसर गया है। कठुआ के बदनोता के बरनूड इलाके में जेंडा नाले के पास सेना के वाहन पर घात लगाकर हमला कर दिया। इस हमले में सेना के पांच जवान शहीद हो गए। पांचों जवान उत्तराखंड के गढ़वाल के हैं। जबकि कई जवानों के घायल होने की जानकारी भी मिल रही है। पांच जवानों की शहादत की खबर के बाद से देवभूमि शोक में डूब गई है। सोमवार को जम्मू-कश्मीर के कठुआ में हुए आतंकी हमले में कीर्तिनगर ब्लॉक के थाती डागर निवासी राइफलमैन आदर्श नेगी शहीद हो गए। आदर्श की उम्र मात्र 26 साल थी। इतनी छोटी सी उम्र में ही उन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। खबर मिलने के बाद से ही आदर्श के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बता दें कि आदर्श साल 2018 में सेना में भर्ती हुए थे। आदर्श के पिता दलबीर सिंह नेगी गांव में ही खेती का काम करते हैं। आदर्श ने 12वीं तक की पढ़ाई राजकीय इंटर कालेज पिपलीधार से की। जिसके बाद वो गढ़वाल विश्वविद्यालय से बीएससी कर रहे थे। बीएससी द्वितीय वर्ष में ही वो साल 2018 में गढ़वाल राइफल्स में भर्ती हो गए। आदर्श तीन भाई-बहनों में सबसे छोटे थे। जम्मू-कश्मीर के कठुआ में हुए आतंकी हमले में उत्तराखंड के पांच जवान शहीद हो गए। जिसमें एक जवान विनोद सिंह भंडारी भी शामिल हैं। विनोद सिंह की शहादत की खबर के बाद से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। विनोद सिंह नेगी तीन महीने पहले ही बेटी के जन्म पर घर आए थे। सोमवार रात शहादत की खबर के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। आतंकी हमले में उत्तराखंड के पांच शहीद जवानों में से एक जवान विनोद सिंह भंडारी भी हैं। विनोद भंडारी मूल रूप से टिहरी के रहने वाले हैं लेकिन उनका परिवार डोईवाला भनियावाला के अठूरवाला में रहता है। बताया जा रहा है कि नौ साल पहले परिवार टिहरी से विस्थापित होकर अठूरवाला गांव में बस गया था। 29 वर्षीय शहीद विनोद सिंह भंडारी पुत्र वीर सिंह भंडारी तीन महीने पहले बेटी के जन्म के समय घर आए थे। शहीद की तीन महीने की एक बेटी और चार साल का बेटा है। बता दें कि शहीद विनोद के पिता भी सेना में थे। विनोद तीन बहनों का इकलौता भाई था। परिजनों को बेटे की शहादत पर गर्व है। आपको बता दें कि जम्मू-कश्मीर के कठुआ में हुए आतंकी हमले में उत्तराखंड के पांच जवान शहीद हो गए।

## हमें पूरी शक्ति के साथ कश्मीर में आतंकवाद को कुचलना होगा : हरदा



देहरादून(उद संवाददाता)। आतंकी हमले में उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग निवासी नायब सूबेदार आनंद सिंह, लैंसडौन निवासी हवलदार कमल सिंह, कीर्तिनगर ब्लॉक के थाती डागर निवासी राइफलमैन आदर्श नेगी, टिहरी गढ़वाल निवासी नायक विनोद सिंह, रिखणीखाल निवासी राइफलमैन अनुज नेगी शहीद हो गए। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने उत्तराखंड के पांच जवानों की शहदत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से जम्मू कश्मीर में पनप रहे आतंकवाद को कुचलने का आह्वान किया है। मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए पूर्व सीएम ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लिखा है कि आज फिर उत्तराखंड के पांच नौनिहाल भारत माता की एकता और अखंडता के लिए शहीद हुए हैं। मैं उनके बलिदान को प्रणाम करता हूं और उनके शोक संतृप्त परिवारों तक अपनी संवेदना संप्रेषित करता हूं। आज से 21 साल पहले इसी तरीके की परिस्थितियों में मेरे बड़े दामाद जो लेफ्टिनेंट कर्नल के रूप में उसी सप्ताह पदोन्नत होने वाले थे, अपने पुत्र तुषार के नामकरण से सीधे फ्रंट पर पहुंचे और शहीद हो गये। आतंकवाद न जाने कितने परिवारों को अश्रुपूर्ण स्थिति में छोड़ रहा है। आज भी जब कहीं इस तरीके की शहादत के समाचार आते हैं तो मुझे अपने उस पारिवारिक दुखद स्थिति का स्मरण हो आता है। जब भी मैं अपनी बेटी को, अपने नातनियों को जो अब डॉक्टर भी हो गई हैं या नाती तुषार को देखता हूं तो मुझे अपने दामाद के बलिदान के समाचार का स्मरण हो आता है और हृदय चीखने लगता है, आंसू थामने कठिन हो जाते हैं, मैं आतंकवाद के हाथों शहीद हो रहे परिवारों के दु:ख को समझता हूं, न जाने कब कश्मीर में आतंकवाद थमेगा? हमें पूरी शक्ति के साथ इस आतंकवाद को कश्मीर में कुचलना है और इसके लिए सारे देश सरकार के प्रयासों के साथ एकजुट है।

## जिले में 300 छात्र छात्राओं को मिलेगी उदयीमान छात्रवृत्ति

बागेश्वर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के अन्तर्गत आठ वर्ष से 14 वर्ष तक के जनपद के चयनित 150 बालक एवं 150 उदीयमान बालिका खिलाडियों को 1500 रूपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति दी जाएगी। जिसका चयन ट्रायल विद्यालय स्तर पर 10जुलाई से14 जुलाई तक, न्याय पंचायत एवं नगर पालिका व नगर पंचायत स्तर पर 15 से 17 जुलाई तक, ब्लॉक स्तर पर 18,19 एवं 20 जुलाई तथा जिला स्तर पर 25, 26 एवं 27 जुलाई को ट्रायल होगा। मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के अन्तर्गत खिलाड़ियों के चयन को सफलतापूर्वक आयोजन हेतु जिलाधिकारी अनुराधा पाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। उन्होंने न्याय पंचायत, ब्लॉक स्तर तथा जनपद स्तर पर होने वाले खिलाड़ियों के ट्रायल तिथि से पूर्व सभी व्यवस्थायें पूर्ण करने तथा सभी स्तरों पर खिलाड़ियों के चयन में पारदर्शिता से खिलाड़ियों का चयन करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने खेल आयोजन स्थल पर पानी, शौचालय, फर्स्ट ऐड व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। साथ ही खिलाड़ियों के प्रत्येक चयन ट्रायल में विशेषज्ञ व्यायाम शिक्षक, खेल प्रशिक्षक की तैनाती करने के निर्देश शिक्षा अधिकारी को दिये। खेल विभाग की



किरन नेगी ने बताया कि मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन चयन ट्रायल में सरकारी, प्राईवेट स्कूल तथा स्कूल ड्रॉप आउट बच्चे प्रतिभाग कर सकते है, विद्यार्थी उत्तराखण्ड का निवासी होना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं स्थायी निवास प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति साथ लाना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि न्याय पंचायत स्तर पर चयनित खिलाड़ी विकास खण्ड स्तर पर प्रतिभाग करेंगे तथा विकास खण्ड स्तर पर चयनित खिलाड़ी जिला स्तर पर प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि मौसम के दृष्टिगत तिथियों में बदलाव किया जा सकता है। बैठक में उपजिलाधिकारी अनुराग आर्या, जीतेंद्र वर्मा, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सोन, युवा कल्याण अधिकारी अर्जुन रावत, ईई जल संस्थान सीएस देवडी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं जिला व ब्लॉक खेल समन्वय मौजूद थे।

## बच्चों को दी मृदा संक्रमण जनित रोगों की जानकारी

गदरपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र भारत सरकार की टीम के प्रभारी डॉ अवनिंद्र द्विवेदी एवं आर के मीना, वेंकट राव द्वारा राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय गूलरभोज गदरपुर में मृदा संक्रमण जनित



रोगों के प्रसार एवं रोकथाम हेतु विद्यालय के बच्चों को जानकारी दी गई। टीम ने बताया कि मृदा संक्रमण जनित रोगों में बच्चों के पेट में कीड़े हो जाना सामान्य बात है। यह कीड़े टैप वर्म, हुक वर्म, राउंड वर्म आदि के रूप मे बच्चों मे हो जाते हैं जिनसे बच्चों में एनीमिया या खून की कमी हो जाती है जिस कारण से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास अवरूद्ध हो जाता है। जिसके कारण छात्रों के शैक्षणिक एवं शारिरिक स्तर में कमी आ जाती है। उपरोक्त को दृष्टिगत रखते हुए ही भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वास्थ मिशन के अंतर्गत विद्यालयों में कृमि मुक्ति दिवस एवं साप्ताहिक आयरन फोलिक कार्यक्रम को नियमित रूप से चलाया जा रहा है।उपरोक्त कार्यक्रम को परखने हेतु राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र भारत सरकार टीम द्वारा नियमित सर्वेक्षण किया जाता रहता है। टीम द्वारा बच्चों के मल का सैंपल एकत्र किया गया ताकि किसी प्रकार के कृमि संक्रमण की जांच हो सके। उपरोक्त के साथ-साथ उपस्थित बच्चों के लंबाई एवं वजन का नाप एवं स्वास्थ्य परीक्षण आरबीएसके एवं आरकेएसके टीम द्वारा किया गया।गया। कार्यक्रम में डॉ विकास सचान, डॉ रेखा रानी,डॉ कल्पना, फार्मासिस्ट के एन जोशी, अतीश कालरा,स्टाफ नर्स विमला काउंसलर राधा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आरकेएसके मो आमिर खघं उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य के के गरसारी एवं विद्यालय स्टाफ श्री मति चंद्रकला जोशी, प्रानिल्म राणा, पुष्पा जोशी,डी एस राणा एवं डी एस विष्ट का विशेष सहयोग रहा।

## पेज एक का शेष...

**आतंकी हमले में उत्तराखंड के ..**सीएम धामी ने कहा कि यह हम सभी प्रदेशवासियों के लिए अत्यंत पीड़ा का क्षण है क्योंकि हमने भाई और बेटा भी खोया है। हमारे रणबाँकुरों ने उत्तराखण्ड की समृद्ध सैन्य परंपरा का पालन करते हुए माँ भारती के चरणों में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। माँ भारती की रक्षा करते हुए आतंकवाद के विरुद्ध आपका यह सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। इस कायरतापूर्ण हमले के दोषी, मानवता के दुश्मन आतंकवादी किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जाएँगे और इनको पनाह देने वाले लोगों को भी इसके परिणाम भुगतने होंगे। सैन्यभूमि उत्तराखण्ड वीर सैनिकों को जन्म देने वाली भूमि है। यहां के जवानों ने सदैव माँ भारती की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देकर अपने राष्ट्रधर्म का निर्वहन किया है।

**शिक्षा माफिया लील गये..**जारी करता है ।इसके तहत सबसे पहले निजी स्कूलों को आरटीई पोर्टल पर आवेदन करना होता है कि वह विद्यालय आरटीई के दायरे में आता है। आवेदन के पात्र वही विद्यालय होते हैं, जिन्हें मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय से मान्यता का प्रमाण पत्र प्राप्त होता है। विद्यालय को कुल छात्र संख्या का 25 प्रतिशत सीटों पर आरटीई के तहत प्रवेश देना अनिवार्य है, परंतु देखने में आया है कि निजी विद्यालय जिला स्तर के शिक्षा अधिकारियों से मिली भगत करके आरटीई की सीटों में कमी करने के तमाम रास्ते निकल ही लेते हैं ।कई बार तो शिक्षा अधिकारियों द्वारा निजी विद्यालयों को मान्यता प्रमाण पत्र ही नहीं जारी किया जाता । इस तरह संबंधित विद्यालय शिक्षा विभाग की कार्यवाही के दायरे से बाहर हो जाता है ,क्योंकि अगर विद्यालय को मान्यता का प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं हुआ हो तो शिक्षा विभाग विभाग ऐसे निजी स्कूलों पर कार्रवाई नहीं कर सकता ।

**मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित...**निर्माण कार्यों में ड्रेनेज प्लान/ निकासी योजना पर जोर देते हुए कहा कि सभी निर्माणदाई संस्था सुनिश्चित करें कि सुनियोजित विकास के नाम पर हो रहे निर्माण से किसी अन्य भौगोलिक, प्राकृतिक संरचना को कोई खतरा न हो, इसके लिए निकासी योजना को प्राथमिकता देते हुए योजना इंप्लीमेंट की जाए। सीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि किसी भी आपदा को रोका नहीं जा सकता किंतु इसके होने वाले प्रभावों को न्यून करना हम सबका दायित्व है। इसके लिए सभी अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में निगरानी बनाएं रखे और निरंतर मॉनिटरिंग करें। किसी भी क्षेत्र से सूचना प्राप्त होते ही तत्काल टीम को भेजकर यथासंभव राहत बचाव कार्य शुरू करे। इस प्रकार का मेकेनिज्म हो कि प्रभावितों को मौके पर ही राहत सामग्री और राशि दी जाए। आवश्यकता पड़ने पर राहत शिविरों को संचालन हो इसके लिए स्थानों को चिन्हित कर लिया जाए। हमारा प्रयास रहेगा की यथा शीघ्र आम जन के जीवन को सामान्य किया जाए। सीएम ने कहा कि गौलापार स्टेडियम में राष्ट्रीय खेल का आयोजन और समापन किया जाना है। यह राज्य के लिए स्वर्णिम अवसर भी है। इससे यहां की खेल प्रतिभाओं को पहचान के साथ ही एक्सपोजर भी मिलेगा। हल्द्वानी में निरीक्षण के दौरान एस एस पी पी एन मीणा, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मंडी परिषद अध्यक्ष अनिल कपूर, विधायक डा मोहन सिंह बिष्ट, सिटी मजिस्ट्रेट ए पी बाजपेई, एस डी एम परितोष वर्मा, तहसीलदार सचिन कुमार, ईई सिंचाई बी सी नैनवाल, पी एम ए डी बी कुलदीप सिंह, राज्य मंत्री दिनेश आर्य, विधायक प्रतिनिधि विकास भगत सहित अन्य मौजूद थे।

**विद्युत पोल से भिड़ी...**अस्पताल पहुचाया। जिके बाद सभी परिजन वापस दिल्ली को रवाना हो गये। पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया है। जानकारी के अनुसार रोहिणी दिल्ली निवासी पंकज वर्मा अपनी पत्नी शालिनी वर्मा, पुत्री हर्षिता वर्मा व अन्य परिजनों के साथ अपनी कार संख्या डीएल 8सी बीजी 8342 में सवार होकर दिल्ली से घूमने नैनीताल की ओर जा रहे थे। जब वह यहां सिडकुल में छतरपुर मोड़ के पास पहुंचे तो अचानक कार असंतुलित होकर मार्ग किनारे लगे माईल स्टोन से जा टकराई और फिर उसके बाद कुछ आगे बढ़कर विद्युत पोल से जा भिड़ी। अचानक इस दुर्घटना के घटित होने से कार में लगे एयर बैग खुल गये और कार सवार लोग सुरक्षित बच गये। लेकिन कार सवार शालिनी और हर्षिता को मामूली चोटें आ गई। घटना की जानकारी मिलते ही सिडकुल चौकी पुलिस मौके पर आ पहुंची। घायलों का जिला चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार कराया गया। कार पुलिस ने अपने कब्जे में ले ली है। जबकि कार सवार लोग अन्य वाहन से वापस दिल्ली की ओर रवाना हो गये।

**ड्रीम 11 में ..**कमाने का लालच दिया गया । जिसके झाँसे में आकर बेटे द्वारा 6 जून को मेम्बरशिप के नाम पर 999 रूपये का पेटीएम के माध्यम क्यूआर कोड पर भुगतान किया गया । इसी तरह 6 जून से दिनांक 13 जून तक विभिन्न चार्जेज व फीस के नाम पर विभिन्न यूपीआई व क्यूआर कोड व गूगल पे व मोबाईल नम्बर पर अलग-अलग 32 ट्राजेक्शनो के माध्यम से कुल 4,44,999 रूपये की आनलाईन धोखाधडी की गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**संदिग्ध परिस्थितियों में ..**पहुंचकर परिजनों से आवश्यक जानकारी लेने के बाद शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक गेंदन लाल की एक पुत्री गांव में रहती है।

## खुशी का राज

राजा अम्बरिश वन से गुजरते हुए कहीं जा रहे थे। उन्होंने रास्ते में देखा कि एक युवक खेत में हल जोत रहा है तथा बड़ी मस्ती से भगवान की भक्ति के भजन गाता जा रहा है। राजा उसकी मस्ती से बहुत प्रभावित हुए तथा खेत के मेड़ पर खड़े होकर उसका भजन सुनने लगे। जब उसने राजा को देखकर गाना



छोड़ दिया, तो राजा ने उससे पूछा, 'बेटा, तुम्हारी मस्ती देखकर मैं बहुत प्रसन्न हूं। इस अनूठी मस्ती का रहस्य क्या है ? युवक ने उत्तर दिया, 'दादा, मैं अपनी मेहनत की कमाई बांटकर खाता हूं, हर क्षण भगवान को याद कर संतुश्ट रहता हूं। इसलिए सदैव खुश और मस्त रहता हूं। मुझे लगता है कि जैसे भगवान हमेशा मुझ पर कृपा की बरसात करते रहते हैं। राजा ने पूछा, ' तुम कितना कमा लेते हो ? उसे किस तरह बांटते हो ? युवक ने बताया, ' मान लीजिये कि मैं एक रुपया रोज कमाता हूं। उसे चार जगह बांट देता हूं। माता-पिता ने मुझे पाला-पोसा है। कृतज्ञता के रूप में उनको चार आने भेंट करता हूं। चार आने बच्चों पर खर्च करता हूं। चार आना मैं गरीबों, अपाहिजों व बीमारों की सेवा में खर्च करता हूं, असहायों को दान देता हूं। चार आने में अपना व पत्नी का खर्च चलाता हूं। राजा को अनपढ़ किसान युवक की मस्ती का रहस्य समझ में आ गया। इसलिए हमें ईश्वर द्वारा जो प्राप्त है उसी को पर्याप्त मानकर ईश्वर का धन्यवाद् करना चाहिये। तभी हमारा जीवन सफल हो सकता है।

**प्रस्तुति- नरेश कुमार सेठ**

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# खटीमा में भारी जलभराव,दो युवकों की डूबने से मौत







## सितारागंज, खटीमा और नानकमत्ता में लगभग 300 से अधिक परिवार प्रभावित,एसडीआरएफ और जल पुलिस ने जलभराव से कई क्षेत्रों के प्रभावित लोगों को रेस्क्यू किया,चंपावत में बहा झूला पुल




खटीमा/रूद्रपुर। कुमाऊं में पांच दिनों से हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ऊधमसिंह नगर के खटीमा, सितारगंज और आसपास के गांवों में तबाही सा मंजर है। एसडीआरएफ और जल पुलिस ने जलभराव से कई क्षेत्रें के प्रभावित लोगों को रेस्क्यू किया। जलभराव में डूबने और नदी में बहने से दो लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि तीन लापता है वहीं बनबसा के देवीपुरा गांव में 13 साल की बालिका बह गई। सोमवार शाम मौसम खुलने और धूप खिलने से राहत मिली लेकिन नदी-नाले उफान पर हैं। कुमाऊं में 550 से अधिक गांव अलग-थलग पड़ गए हैं। पिथौरागढ़-धारचूला- तवाघाट एनएच पर मलबा गिर रहा है। चंपावत के पालबिलौन क्षेत्र के बेलखेत में क्वैराला नदी के उफान पर आने से झूला पुल बह गया है। इधर, तराई में बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस गया है। ऊधमसिंह नगर प्रशासन के अनुसार सितारागंज, खटीमा और नानकमत्ता में लगभग 300 से अधिक परिवार प्रभावित हुए हैं। 1500 से अधिक लोगों को प्रभावित क्षेत्र से विस्थापित कर विद्यालयों में रखा गया है। खटीमा के हल्दी गांव निवासी प्रिंस कुमार (18) और सन्नी (20) की पानी में डूबने से मौत हो गई। एसडीआरएफ ने दोनों के शव बरामद किए। हालांकि, प्रभारी मंत्री गणेश जोशी की ओर से देर रात जारी सूचना में उल्लेख किया गया है कि सीडीओ मनीष कुमार ने बताया कि खटीमा के हल्दी गांव में डूबने से तीन लोगों की मृत्यु हुई है, जबकि शक्तिफार्म में निर्मलनगर के दो लोग लापता हैं, इनमें बीस क्वार्टर गांव निवासी संजीत और जगदीश मंडल शामिल हैं। संजीत सोमवार को नदी के में वह गया जबकि निर्मलनगर का जगदीश रविवार को धौरा डैम में बह गया था। उसका भी पता नहीं चल पाया है। वहीं बीते तीन दिनों से सीमांत क्षेत्र खटीमा में लगातार हो रही भारी बरसात के चलते खटीमा के कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। तीन दिनों की भारी बरसात से जहां खटीमा इलाके की कई सड़क नहर में तब्दील हो गई हैं। वही निचले इलाकों में जल भराव की स्थिति विकराल होती जा रही है। कई इलाकों में लोगो के घरों में बरसात का पानी घुसने से उन्हे भारी परेशानी को झेलना पड़ रहा है।खटीमा नगर के मेलाघाट रोड, अमाऊं रोड मुख्य चौक सहित नगर के कई वार्डो में जलभराव से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। नगर में आश्रम पद्धति स्कूल के पीछे घरों में पांच फुट पानी घुसने से घरेलू समेत अन्य सामान बह गया है। खटीमा मुख्य मार्ग पर नदियों की तरह पानी बहता नजर आ रहा है दुकानों में पानी घुसने से लोगो का लाखो का नुकसान होने की संभावना खटीमा नगर पालिका क्षेत्र में ऐंठा,खकरा नाला उफान पर है लोहियाहेड रोड पर भारत गैस एजेंसी समेत राईस मिल,फ्लोर मिल में भी पानी घुसने से भारी नुकसान की संभावना जताई गई है। वही खटीमा नगर से होकर बहने वाले ऐंठा व खकरा नाम के बरसाती नालों के उफान में आने से इस्लाम नगर गौटिया में कई घरों में पानी घुस गया है। झनकईया थाना पुलिस ने खेतलसंडा इलाके में भारी बरसात से हुए जलभराव में फंसे लोगो को रेस्क्यू कर राहत कैंप तक पहुंचाया है। वही खटीमा के मुख्य चौक, अमाऊँ ,पकड़िया बंगाली कालोनी खेतलसंडा, राजीव नगर,सरकारी अस्पताल रोड,चकरपुर हनुमान गड़ी इलाको मे भारी जल भराव हो गया है।बरसात लगातार जारी रहने से आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। चकरपुर हनुमान गड़ी में घरों में पानी घुसने से आमजन को भारी नुकसान हुआ है। चकरपुर हनुमान गड़ी के सुभाष पांडे प्रकाश पांडे आदि लोग बरसात में जल भराव की आशंका पूर्व में ही व्यक्त कर प्रशासन से एन एच की नालियों की सफाई की मांग उठाने की बात कह रहे है। लेकिन इसके उपरांत भी प्रशासन द्वारा कदम ना उठाने के चलते बरसात में अब जलभराव की समस्या को झेलने की पीड़ा को व्यक्त कर रहे है।वही अब वह प्रशासन से जल भराव से निजात दिलाने की भी गुहार लगा रहे हैं। वही हम आपको बता दें कि खटीमा में अगर बरसात के लगातार होने का क्रम नहीं रुकता है तो खटीमा इलाके में जल भराव की स्थिति और भी विकराल हो सकती है। लोगो का कहना है कि नगर पालिका प्रशासान द्वारा नगर के ऐंठा नाले की एवं खकरा तथा नगर की नालियों की समय से सफाई हुई होती तो इतना भराव नही होता नगर के विभिन्न वार्डो में बाढ़ आ गयी है यह बारिश का कहर पहली बार लोगो देख रहे है घरों को छोड़ लोग स्कूलों व धर्मशालाओं में रहने लगे है। आपदा प्रबंधन व स्थानीय प्रशासान बाढ़ पीड़ितों को किस तरह और मदद कर सकता है यह आने वाले समय ही बताएगा।

# बैगुल नदी में आई बाढ़ में फंसे सैकड़ों लोगों को किया रेस्क्यू




शक्तिफार्म (उद संवाददाता)।बैगुल नदी में आयी भीषण बाढ़ का पानी क्षेत्र के अरविंद नगर झाड़ी नंबर 7 ,8,9 में भर जाने से तीनों गांव जलमग्न हो गये । बाढ़ के पानी में करीब ढाई सौ से अधिक परिवार फंस गए। जिन्हें स्थानीय प्रशासन, पुलिस व एनडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर बाहर निकाला। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा भी मौके पर पहुंचे तथा स्थिति पर नजर रखते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैगुल नदी में आई भीषण बाढ़ का पानी सोमवार प्रात: करीब 4 बजे क्षेत्र के ग्राम अरविंद नगर झाड़ी नंबर 7,8 व 9 में घुस गया। देखते ही देखते तीनों गांव जलमग्न हो गये। गांव में करीब 3 से 4 फुट पानी पर गया। सूचना पर एसडीम रविंद्र सिंह जुवांठा, तहसीलदार श्रीमती पूजा शर्मा, कोतवाल सितारगंज, शक्तिफार्म पुलिस चौकी प्रभारी जगदीश तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मोटरबोट के साथ पहुंची एनडीआरफ की टीम व पुलिस कर्मियों ने बाढ़ के पानी मे फंसे लोगों को निकालना शुरू किया । बाढ़ में फंसे लोगों को बाहर निकालकर उन्हें झाड़ी नंबर 9 के विद्यालय व प्राइमरी विद्यालय झाड़ी में ठहराया गया। इनके खाने-पीने की व्यवस्था स्थानीय प्रशासन द्वारा गयी। शाम करीब 5 बजे के आसपास गांव से बाढ़ का पानी उतरने लग गया था । बैगुल नदी मे आई बाढ़ इतनी तेज थी शक्तिफार्म सितारगंज मार्ग पर बैगुल नदी पुल के ऊपर 2 से 3 फुट तक पानी बहने लगा था। ग्राम राजनगर मे बैगुल नदी तटबंध में कई लोगों के घर पानी में डूब गये। बाढ़ के पानी में फंसे एक परिवार के दो लोगों को एनडीआरएफ की टीम ने लंबी रस्सी के सहारे रेस्क्यू कर बाहर निकाला। बैकुंठपुर में मुख्य मार्ग पर करीब 1 फुट पानी भर गया। दर्जनों लोगों के घरों में भी पानी घुसा। बैकुंठपुर मंदिर परिसर तथा सुरेंद्रनगर के बाबा तारकनाथ धाम मंदिर परिसर ,गुरुग्राम राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में पूरी तरह जलमग्न हो गया। शक्ति फार्म सिडकुल मार्ग पर रुदपुर के निकट सड़क पर 3 फुट से ऊपर पानी भर गया।